


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 24 अप्रैल 2026 दिन - शुक्रवार वर्ष-14 वां पृष्ठ - 12 अंक - 86 मूल्य - 5 रुपये









# पश्चिम बंगाल में 92.56 प्रतिशत और तमिलनाडु में हुआ 85.14 प्रतिशत मतदान

नई दिल्ली (भाषा)।

***पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर मतदान हुआ। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले चरण में 92.56 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में संपन्न हुए मतदान में 85.14 प्रतिशत मतदान हुआ।***

चुनाव आयोग के यह आंकड़े रात 9 बजे तक हैं, तथा इनमें आंशिक बदलाव की भी संभावनाएं है। गौरतलब है कि दोनों राज्यों में आजादी के बाद अब तक सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। इससे पहले तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मतदान 2011 में 78.29 प्रतिशत था, जबकि बंगाल में 2011 में 84.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। पश्चिम बंगाल में सीएम ममता बनर्जी ने मतदान के बाद कहा कि बंगाल की जनता ने एसआईआर के खिलाफ बंपर मतदान किया है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि टीएमसी का सूरज ढल चुका है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91 प्रतिशत, पुडुचेरी में 90 प्रतिशत और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। पाचों राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे।

तमिलनाडु चुनाव के संदर्भ में निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य के 5.73 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 85.05 फीसदी यानी लगभग 4.82 करोड़ ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इससे पहले, तमिलनाडु में 2011 के विधानसभा चुनावों में सर्वाधिक 78.29 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था, जब अन्नाद्रमुक ने शानदार जीत हासिल की थी।

तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त होने के साथ ही, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने सीलबंद ईवीएम, वीवीपीएटी और अन्य चुनावी सामग्री को राज्य भर में नामित मतगणना केंद्रों के सुरक्षित कक्षों में स्थानांतरित कर दिया। तमिलनाडु विभानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और विपक्षी दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) तथा तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के आसार जताए जा रहे हैं। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक, राज्य में मतदान लगभग शांतिपूर्ण रहा और कहीं से भी किसी बड़ी घटना की शिकायत नहीं मिली। द्रमुक और अन्नाद्रमुक, दोनों ने चुनावों में अपनी-अपनी जीत का भरोसा जताया।

## पश्चिम बंगाल में हिंसा की घटनाएं भी हुई..


पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के दौरान हिंसा और उम्मीदवारों पर हमले की छिटपुट घटनाएं हुई। निर्वाचन आयोग ने प्रभावित क्षेत्रों में घटनाओं को लेकर रिपोर्ट मांगी है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के नाओदा इलाके में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के बीच झड़पें हुई जिसके बाद पुलिस और केंद्रीय बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। एजेयूपी के संस्थापक हुमायूं कबीर ने शिवनगर गांव में व्याप्त तनाव के बीच एक मतदान केंद्र का दौरा किया जिसके बाद हिंसा भड़क उठी। तृणमूल समर्थकों ने इसके विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया, नारे लगाए और कबीर के वाहन को घेर लिया तथा उन्हें ''भाजपा का एजेंट'' करार दिया। विरोधी गुटों ने कथित तौर पर पत्थर और ईंटें फेंकीं जिससे स्थिति और बिगड़ गई तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो गई। झड़पों में कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। कबीर ने सत्तारूढ़ पार्टी पर मतदाताओं को डराने-धमकाने और चुनावी कदाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता, ''पुलिस के साथ मिलकर'' बीती रात से ही धमकियां और प्रलोभन देकर मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने चाहिए, लेकिन मतदान केंद्रों के बाहर लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।'' तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और पार्टी उम्मीदवार शाहिना मुमताज खान ने हिंसा की निंदा करते हुए इसे ''बेहद बुरी घटना'' बताया। वहीं, बीरभूम के लाभपुर से भी हिंसा की खबरें आई जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार देबाशीष ओझा के एक मतदान एजेंट पर कथित तौर पर हमला किया गया, जिससे उनके सिर में चोटें आई। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप का खंडन किया। दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा ने आरोप लगाया कि उसके उम्मीदवार शुभेंदु सरकार पर मतदान केंद्र जाते समय तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने हमला किया। यह हमला अशांति की खबरों के बाद हुआ। पार्टी नेताओं ने बताया कि बाद में उन्हें चिकित्सा सहायता के लिए ले जाया गया और यह हमला पुलिस की मौजूदगी में हुआ। अधिकारियों ने कहा कि वीडियो फुटेज के माध्यम से लोगों की पहचान कर उनके खिलाफकार्रवाई की जाएगी। अधिकारी राज्य में मतदान को शांतिपूर्ण बता रहे हैं जबकि इन घटनाओं ने राज्य भर में व्यापक स्तर पर तनाव को उजागर किया है और कई इलाकों में तनाव बना हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस कर्मियों सहित सुरक्षा बलों को संवेदनशील मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में तैनात किया गया है और त्वरित प्रतिक्रिया दल किसी भी तरह की झड़प को रोकने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं।




# सांसद प्रफुल पटेल 24 व 25 अप्रैल को गोंदिया भंडारा जिले में..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***सांसद प्रफुल पटेल एक बार फिर अपने दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम तय कर गोंदिया भंडारा जिले में उपस्थित रहेंगे, तथा अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।***



सांसद श्री पटेल के दौरा कार्यक्रम के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद श्री पटेल आज 24 अप्रैल दिन शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों से भेंट व चर्चा के लिये रामनगर स्थित निवास पर उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार शाम 6 बजे बालाघाट में एक ज्वेलर्स के शुभारंभ का उद्घाटन करने पहुंचेंगे, जबकि वहीं दिनांक 25 अप्रैल 2026 दिन शनिवार को दोपहर 12.00 बजे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के लिये तरोने हॉल, तहसील कार्यालय के पास, लाखांदूर जिला भंडारा, तथा दोपहर 01.30 बजे एड. मोहन राऊत के निवास स्थान पर भेंट कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार सांसद प्रफुल पटेल दोपहर 02.30 बजे लक्ष्मीरमा सभागृह, पवनी जि. भंडारा में उपस्थित होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर मार्गदर्शन देंगे। सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से उपस्थिति का आहवान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से किया गया है।

**आवश्यकता है..**

ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10 वी.,12 वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 924487 2544/9201340520

**आवश्यकता है..**

बच्चों की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

**आवश्यकता है..**

ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वी पास, युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

# अभद्र आचरण के चलते जिला पंचायत द्वारा लगाया गया विधायक प्रतिनिधि अनीश खान पर प्रतिबंध..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनुभा मुंजारे खुद भले ही कितनी भी सक्रिय हों, परंतु अपने प्रतिनिधि चयनित करने के मामले में अनुभा मुंजारे बड़ी चूक कर गई है, तथा इसी के चलते विधायक अनुभा मुंजारे की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन कम होती दिखाई दे रही है। सबसे बड़ी***





चूक विधायक अनुभा मुंजारे की यह भी प्रतीत हो रही है कि कांग्रेस संगठन के प्रमुख और कद्दावर व जुझारु निष्ठावान कार्यकर्ता जिन्होंने अनुभा मुंजारे को विधायक बनाने में बड़ी भूमिका निभाई, वे भी विधायक अनुभा मुंजारे से नाराज बताए जाते हैं। विधायक अनुभा मुंजारे की छबी को धुमिल करने के लिये विगत दिनों अपने एक विधायक प्रतिनिधि को हटाने की कार्यवाही जहां लालबर्रा के किसान नेता मुनेन्द्र ठाकरे को गाली गलौच और धमकी देने के मामले में करना पड़ा था, वहीं अब विधायक अनुभा मुंजारे के दूसरे एक और प्रतिनिधि के अभद्र आचरण का मामला सामने आया है, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर विधायक अनुभा मुंजारे के प्रतिनिधि अनीश खान को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## मामला अभद्र आचरण का..

गौरतलब है कि लालबर्रा के पांढरवानी के सरपंच अनीश खान जो कि सामान्य कद काठी के दुबले पतले वरिष्ठ होने के बावजूद नौजवान दिखाई देते हैं, लेकिन उनके संदर्भ में कांग्रेस परिवार में अनेक लोगों को शिकायतें हैं कि सरपंच अनीश खान किसी से सीधे मूंह बात नहीं करते, बड़ों का सम्मान नहीं करते। बत्तमीजी से बात करना और और अपने आपको बहुत बड़ा नेता महसुस करवाने का दंभ और गुरुर उनमें साफ नजर आता है, और इसी का परिणाम है कि अनीश खान के खिलाफ जहां पहले से अनेक शिकायतें हैं, वहीं अब आदतन स्वभाव से बदमिजाज अनीश खान ने अब विधायक प्रतिनिधि होन के गुरुर में जिला पंचायत की बैठक में जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष को अपमानित करने का कृत्य कर डाला, जिसके कारण जिला पंचायत की बैठक में प्रस्ताव पारित कर विधायक प्रतिनिधि अनीश खान को जिला पंचायत में प्रतिबंधित घोषित कर दिया गया है।

## मै जिला पंचायत अध्यक्ष को नही जानता..

गौरतलब है कि बालाघाट जिला पंचायत में अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के नेता सम्राट सिंह सरसवार निर्वाचित सदस्य हैं, जबकि वहीं अनीश खान खुद भी कांग्रेस के ही हैं, ये अलग बात है कि उन्हें बहुत से कांग्रेसी तो फूलछाप कांग्रेसी भी बताते हैं, लेकिन विधिवत रुप से अनीश खान कांग्रेस के हैं, लेकिन इसके बाद भी अनीश खान ने विगत दिनों जिला पंचायत की बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके से अपेक्षित अनुसार आचरण नहीं किया गया वहीं सामान्य सभा में अध्यक्षता कर रहे निर्वाचित अध्यक्ष जिला पंचायत सम्राट सिंह सरसवार को मैं अध्यक्ष नहीं मानता यह कहकर अपेक्षित आचरण ना कर म.प्र. पंचायतराज मध्यप्रदेश पंचायत सदस्य नियम 1997 की कंडिका 5 प्रतिनिधि का आचरण जो कि नियमों में होना चाहिये की घोर अवहेलना कर दी गई। ऐसी स्थिति में जिला पंचायत की सामान्य सभा की आगामी बैठक में बालाघाट विधायक के प्रतिनिधि अनीस खान पर प्रतिबंध लगाये जाने एवं प्रस्ताव अनुरूप इस संबंध में लिखित जानकारी से विधायक अनुभा मुंजारे को भी अवगत कराया गया, एवं आखिरकार अगली बैठक में निर्णय लेकर अब अनीश खान को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस तरह से देखा जाए तो बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे के विश्वस्त बन बैठे लोगों के इस तरह के आचरण के कारण कहीं ना कहीं विधायक की छबी भी खराब होती दिख रही है, तथा आगामी समय में कांग्रेस में उनको भारी विरोध का सामना भी करना पड़ सकता है। देखना होगा कि अनीश खान पर प्रतिबंध के बाद क्या अनुभा मुंजारे अनीश खान को अपना प्रतिनिधि बनाने की जिद पर अड़े रहकर कहीं अन्य विभाग का प्रतिनिधि बनाती है या फिर ऐसे बदमिजाजी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देने की बताए सरल, संभ्रात और व्यवहारिक व जनसेवा की भावना से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को अवसर देती है, देखने वाली बात होगी।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# नगर गौरव दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 22 अप्रैल 2026 को आदि गुरू शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर के ऐतिहासिक मठ मंदिर सिवनी में नगर पालिका सिवनी अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया जी के***



निर्देशन में नगर गौरव दिवस (सिटी डे) के रूप में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का भव्य आयोजन सायं 06 बजे से मठ मंदिर सिवनी में संपन्न हुआ। विदित होवे कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर गौरव दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य शहरों और कस्बों की सांस्कृतिक विरासत, इतिहास, विकास और स्थानीय पहचान को पुनर्जीवित करना और उसका जश्न मनाना है। नगर पालिका प्रशासन सिवनी द्वारा सिवनी नगर में आदि गुरू शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस के अवसर पर नगर गौरव दिवस (सिटी डे) के रूप में मनाया जाता है। 22 अप्रैल सायं 06 बजे से नगर के मठ मंदिर सिवनी में नगर पालिका परिषद सिवनी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व धर्मसभा का आयोजन किया जिसमें द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी श्रीजगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराजश्री एवं ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराजश्री को आमंत्रित किया गया। विशिष्ट अतिथियों जिले के सांसद महोदय, विधायक महोदय, जिलाध्यक्ष महोदय, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर एवं समस्त पार्षद महोदय सहित सभी जनप्रतिनिधियों की गरिमायमय उपस्थिति में महाराजश्री द्वारा भगवान भोलेनाथ एवं आदि गुरू शंकराचार्य जी की मूर्ति का पूजन/अर्चन किया गया। तदोपरांत समस्त अतिथियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पादुकापूजन कर महाराजश्री का स्वागत वंदन पुष्पवर्षा कर किया गया। महाराजश्री के आगमन के पूर्व ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज द्वारा अपना आशीर्वचन/उद्बोधन दिया गया।

इसके पश्चात् नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया ने महाराजश्री का भव्य स्वागत किया एवं सिवनी की पावनधरा पर पधारने के लिये महाराजश्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। महाराजश्री के चरणों में कोटि कोटि प्रणाम वंदन नमन कर अपने उद्बोधन की शुरूआत की आपने कहा कि आदि गुरू शंकराचार्य जी ने भारत भ्रमण करके धर्म को स्थापित किया उनके विचारों को आगे बढाने के लिये महाराजजी के श्रीचरण सिवनी की पावन धरा पर पड़े है सिवनी की धरा को तीर्थ मानकर उनकी धर्मसभा को ग्रहण करेंगे और उनके आशीर्वचन से कृतज्ञ रहेंगे। धर्म/राष्ट्र की संस्कृति की रक्षा के लिये जो मार्ग आदि गुरू शंकराचार्य जी दिखाते आ रहे है सभी सनातन प्रेमी आपकी अमृतमय श्रीवाणी से जो रास्ता दिखाया जायेगा उसे है गृहण करेंगे। आपने कहा कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान प्रत्येक शहर का अपना एक अनूठा इतिहास होता है। नगर गौरव दिवस के माध्यम से उस शहर की स्थापना, उसके प्राचीन महत्व, और ऐतिहासिक धरोहरों को याद किया जाता है। निकाय द्वारा आदि गुरू शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस पर नगर गौरव दिवस मनाया जा रहा है।

इसके पश्चात् महाराजश्री द्वारा धर्मसभा को संबोधित किया गया। आपने आशीर्वचन में महाराजश्री ने आदि गुरू शंकराचार्य जी की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला एवं अपना आशीर्वाद कार्यक्रम में पहुंचे सभी बंधुओ को दिया। अंत में कार्यक्रम में पधारें समस्त जनप्रतिनिधिगण/गणमान्य नागरिक/श्रृध्दालुओ का मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विशाल सिंह मस्कोले द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# लोन के नाम पर ठगी और धमकी का आरोप, कार्रवाई न होने से पीड़ित परेशान

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले में एक फाइनेंस कंपनी पर लोन दिलाने के नाम पर गरीब परिवारों से ठगी और दबाव बनाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं।***



पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों में जमीला बी, पति जाहिर खान, निवासी गांधी वार्ड सिवनी तथा किरण पटले, पति कमलेश पटले, निवासी ग्राम सालेखुर्द (गुर्रापाठा), तहसील बरघाट सहित अन्य शामिल हैं।

आवेदन के अनुसार, फाइव स्टार फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा लोन स्वीकृत कराने के नाम पर 30 से 40 हजार रुपये तक 'फाइल/मॉर्गेज चार्ज' के रूप में वसूले गए। आरोप है कि कंपनी ने लोन की अवधि 5 वर्ष बताई, लेकिन बाद में उसे बढ़ाकर 7 वर्ष तक कर दिया गया। जब पीड़ितों ने आपत्ति जताई या भुगतान में असमर्थता दिखाई, तो कंपनी से जुड़े लोगों द्वारा घर पहुंचकर गाली-गलौज, धमकी और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया।

पीड़ितों का कहना है कि उन्हें यह भी कहा जाता है कि 'हमारी ऊपर तक पहुंच है, तुम कुछ नहीं कर सकते', जिससे वे भय और दबाव में हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि कई परिवार मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं और इस तरह की वसूली से उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई है। बताया गया कि इस मामले की शिकायत पहले भी सिटी कोतवाली सिवनी में की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज पीड़ितों ने पुनः उच्च स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की है।

आवेदन में कंपनी के संबंधित कर्मचारियों पर अवैध वसूली, धोखाधड़ी और धमकी देने जैसे आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज करने तथा मॉर्गेज/वसूली की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है।

पीड़ितों की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता हिमांशु चक्रवर्ती (जिला सत्र न्यायालय, सिवनी) ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मामले को उच्च स्तर पर ले जाया जाएगा।

उन्होंने अपील की है कि जिन भी लोगों के साथ इस प्रकार की घटना हुई है, वे मोबाइल नंबर 9713861335 पर संपर्क करें, ताकि पीड़ितों की सहायता कर उन्हें न्याय दिलाया जा सके। पीड़ितों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की फाइनेंस कंपनियों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गरीब परिवारों का शोषण रुक सके।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद 7898530101

# पी. एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विश्व वसुंधरा दिवस कार्यशाला का आयोजन..



**जगप्रेरणा सिवनी ।**

***पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में एन. सी. सी. एवं इकोक्लब के द्वारा प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग के संरक्षण में 22 अप्रैल 2026 को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया***

जिसका थीम आवर पावर आवर प्लेनेट था इस अवसर पर एन सी ऑफिसर डॉ पवन वासनिक ने विश्व वसुंधरा दिवस पर विद्यार्थियों को जल संरक्षण करने की सलाह दी जल स्त्रोत में प्रदूषण नहीं करें साथ ही पर्यावरण हितैसी जीवन शैली अपनाने की सलाह दी, डॉ दिनेश चित्रिव इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण के महत्व को बतलाया गया साथ ही यह भी बताया गया कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी इस पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने वसुंधरा (पृथ्वी) संरक्षण की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम का संचालन डॉ टी पी सागर ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ वर्षा जैन डॉ मनीषा सोनेकर डॉ धनेंद्र गुर्देकर सहित महाविद्यालय स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम के अंत में डॉ संदीप शुक्ला द्वारा सभी का आभार ब्यक्त किया गया।

# खेल के विस्तार को लेकर शीघ्र बैठक बुलाई जाएगी- कलेक्टर..

## हॉकी खिलाड़ियों ने कलेक्टर से मिलकर खेल के संबंध में चर्चा की ..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला हॉकी संघ शिवानी ने आज जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने***

शिवानी की हॉकी खेल के संबंध में विस्तार से चर्चा की साथ ही यह भी बताया कि जिले में एकमात्र एस्ट्रो टर्फ मैदान है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुकूल है यहां पर समय-समय पर अखिल भारतीय हाकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है साथ ही यहां पर जो खिलाड़ी हैं उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल से लोहा मनवाया है यहां पर खिलाड़ियों को अगर समुचित संसाधन मिलते हैं तो अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं हाकी से जुड़े खिलाड़ियों की बात को सुनकर जिला कलक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि खेल के क्षेत्र में पैसे की कमी नहीं है और हम प्रयास करेंगे की जिले में खेलों के क्षेत्र में अच्छे से अच्छा क्या किया जा सकता है इस संबंध में शीघ्र ही बैठक बुलाकर आप सभी से सुझाव लेंगे जिससे हम इस जिले को राष्ट्रीय क्षितिज पर खेलों के लिए अपनी पहचान बना सके ऐसा प्रयास करेंगे

इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष डी एल गौर ने भी आगे खेल के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी तथा आगामी दिनों में होने वाली अखिल भारतीय की प्रतियोगिता के संबंध में बताया जिस पर उन्होंने आगे चर्चा करने की बात कही इस अवसर पर हॉकी से जुड़े असद खान सफीउल्लाह खान अलीम खान अबू शर्मा कलीम खान जावेद खान रियाज कुरेशी हामिद खान आसिफ अमन अरशद जुबेर सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित रहे सभी को अंत में उन्होंने अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।

# महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस का पैदल मार्च 26 को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा की वादा खिलाफी एवं राजनीतिक छल एवं भाजपा की महिला विरोधी***

घृणित मानसिकता के विरोध में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर दिनांक 26 अप्रेल 2026, दिन रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में प्लेटिना प्लाजा, माता मंदिर, टॉप एंड टाउन होते हुए रोशनपुरा चैराहे तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकालने का निर्णय लिया गया है।

जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकरियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पंहुचकर, जन आंदोलन में शामिल होकर देश हित में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का कष्ट करें।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# देहवानी खरीदी केंद्र बंद होने से किसान परेशान, कलेक्टर से मिलकर सौपा ज्ञापन



**जगप्रेरणा सिवनी।**

केवलारी विकासखंड के अंतर्गत आने वाला ग्राम देहवानी में वर्ष 2019-20 में कृषक खरीदी केंद्र प्रारंभ किया गया था।

इस दौरान इस केंद्र में वर्ष 2021-22 में खरीदी 2.73 लाख रवि सीजन में हुई थी शान द्वारा स्टेक जिला पंचायत सिवनी से प्रदाय राशि से निर्मित किया गया था लेकिन इस वर्ष इस खरीदी केंद्र को प्रारंभ नहीं किया गया जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने बताया कि इस केंद्र से ग्राम ग्वारी सालीवाडा खैरलांजी खाप की माता बुधवार की किसान अपनी फसल को देहवानी में लाकर देते थे लेकिन अब उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इतना ही नहीं किसने की अच्छी फसल को भी नए केंद्र में लेने से मना किया जा रहा है जिसके कारण किसानों में आक्रोश व्याप्त है इसी बात को लेकर किसान आज जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के पास भाजपा नेता आनंद पंजवानी एवं कांग्रेस नेता सुयोगिता सक्सेना एवं राजेश सोलंकी के मार्गदर्शन में दीवानी के किसान अनीता ठाकुर शिवचरण हुई के बहुत सिंह ठाकुर सेवक राम महापाल बख्त सिंह विजय राकेश पातीराम अनवर खान शरद पटेल प्रीतम मसराम विश्राम कड़िया मोहन धुर्वे गुलजार पटेल सीताराम सतीश ठाकुर अजय ठाकुर बुद्धू लाल जग्गू राम नरेश ठाकुर डबल सिंह शिवकुमार सेन रामेश्वर गुमास्ता सहित सैकड़ो किसान ने कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्या के निराकरण को लेकर मांग की है कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि वह उनकी समस्या का शीघ्र निदान करेंगे।

# नगर विकास को लेकर परिषद द्वारा किया जा रहा भेदभाव

## निर्दलीय पार्षदों ने कलेक्टर से मिलकर कार्रवाई की मांग की..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगर नगर परिषद बरघाट में व्याप्त अव्यवस्थाओं वित्तीय अनियमिताओं एवं जन सुविधाओं को लेकर निर्दलीय पार्षदों ने कलेक्टर से मुलाकात की तथा उक्त व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निवेदन किया है कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना सर मुलाकात करने वाले पार्षदों में श्रीमती संगीता रंजीत वासनिक पार्षद वार्ड क्रमांक 10 श्रीमती किरण नीरज सूर्यवंशी पार्षद वार्ड क्रमांक 13 श्रीमती रुचिका राकेश वासनिक पार्षद वार्ड क्रमांक 3 श्रीमती सुधा राम सिंह कंगाली पार्षद वार्ड क्रमांक एक श्रीमती साक्षी दल सिंह बिसेन पार्षद वार्ड क्रमांक 11 बाबर खान पार्षद वार्ड क्रमांक 2 जितेंद्र उर्फपप्पू सिंगर पार्षद वार्ड क्रमांक 5 ने मुलाकात कर बताया कि बरघाट में डीजल पेट्रोल ब्याज में भारी अनीता की जा रही है वित्तीय वर्ष 2023 24 से लेकर 2025 26 तक नगर परिषद द्वारा उपयोग किए गए डीजल एवं पेट्रोल के व्यय का संपूर्ण रिकॉर्ड उपलब्ध कराया जाए ताकि उक्त व्यय की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके वार्ड क्रमांक 13 में बंद नलकूप के कारण उत्पन्न जल संकट को तत्काल दूर किया जाए

नवीन बस स्टैंड का उपयोग सुनिश्चित किया जाए बरघाट नगर में बढ़ती यातायात दबाव के चलते होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं यातायात को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगर परिषद बरघाट द्वारा लगभग तीन एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में नवीन बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था जिसका उद्घाटन नवंबर 2019 में पूर्व मंत्री गौरी शंकर विषय एवं पूर्व सांसद डॉक्टर दल सिंह बिसेन के कर कमल से किया गया था किंतु आज दिनांक तक उक्त सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड परिसर में बसों एवं टैक्सियों को लगाए जाने के बजाय पुराने अत्यंत संकीर्ण बस स्टैंड में ही खड़ा किया जा रहा है जिससे सिवनी बालाघाट मुख्य मार्ग पर बार-बार जाम की स्थिति उत्पन्न होती है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है

नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में कराए गए डामरीकरण कार्यों में गंभीर तकनीकी अनिताएं परिलक्षित हो रही हैं सड़कों में प्रयुक्त डामर की मात्रा अत्यंत कम है जिससे सात शीघ्र उखाड़ने लगती है सड़क की मोटाई निर्धारित मानकों की अनुरूप नहीं रखी गई है जिससे भर बहन क्षमता कम हो जाती है बेस लेयर आधार परत एवं सब बेस की गुणवत्ता भी संदेह स्पर्ड है जिससे सड़क की संरचनात्मक मजबूती प्रभावित होती है निर्माण कार्य में गुणवत्ता नियंत्रण एवं तकनीकी पर्यवेक्षक का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है इसकी जांच की जाए

शासकीय भूमि पर विस्तृत अतिक्रमण कहानी वाला चौक बरघाट नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थिति अत्यंत व्यस्त एवं संघा यातायात वाले रानीवाड़ा चौक में संजय सूर्यवंशी आत्मज स्वर्गीय हरिश्चंद्र सूर्यवंशी नमक दबंग व्यवसाय द्वारा सरेआम शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करते हुए तीन मंजिला व्यावसायिक भवन का निर्माण कर लिया गया है उक्त अतिक्रमण सिवनी बालाघाट मुख्य मार्ग तथा बरघाट कहानी वाला मार्ग की शासकीय भूमि पर किया गया है जिससे न केवल यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है बल्कि चौक की चौड़ाई भी काम हो गई है जिसके कारण दुर्घटनाओं का की आशंका लगातार बनी रहती है

पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर परिषद बरघाट द्वारा वर्ष 2022 से ही लगातार भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है सड़क निर्माण एवं पक्की नाली निर्माण हेतु समय-समय पर दिए गए ज्ञापनों एवं अनुरोधों को जानबूझकर उपेक्षित किया जा रहा है जिससे संबंधित वार्डों में आधारभूत व्यवस्था सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है इन वार्डो में जलापूर्ति की व्यवस्था अत्यंत सीमित एवं नाम मात्र की है जिसके कारण नागरिकों को दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वहीं प्रकाश व्यवस्था स्ट्रीट लाइट भी संतोषजनक नहीं है इस भेदभाव के चलते केवल प्रशासनिक निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है बल्कि इससे आमजन के आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो रही है यह भी प्रतीत होता है कि इस प्रकार की कर प्रणाली किसी प्रकार के राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के कुछ उद्देश्य से अपनायी इन जा रही है इन सब विसंगतियों को तत्काल दूर करने का निवेदन इन पार्षद ने किया है।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

# जल गंगा संवर्धन अभियानः जल स्त्रोत के आसपास चलाया गया स्वस्छता अभियान..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

बीते दिवस 22 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत टाली में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था न्यू प्रगति सील समिति चरगांव द्वारा जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी और ब्लाक समन्वयक श्री अशोक बेंद्रे जी के मार्ग दर्शन से सरपंच पति श्री मथुरा प्रसाद कावरे जी की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान 02 कार्यक्रम किया गया जिसमें जल स्त्रोत हैंड पंप के आस पास सफाई कर नाली सफाई कर अतिरिक्त पानी को शोक गड्ढा में पहुंचाया गया जिसमें न्यू प्रगति सील समिति चरगांव सचिव राजिक मंसूरी एवं ग्राम विकाश प्रस्फुटन समिति सदस्यों एवं ग्रामीण जनों की सहभागिता से कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## बालाघाट में अचानक जिला चिकित्सालय पहुंचकर कलेक्टर मृणाल मीना ने किया संपूर्ण निरीक्षण..

### डॉक्टर्स की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 23 अप्रैल को जिला चिकित्सालय बालाघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।***







निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने ओपीडी, नेत्र वार्ड, बर्न वार्ड, दंत वार्ड, मेडिकल वार्ड, आर्थोपेडिक वार्ड, हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) और जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) का भ्रमण किया। उन्होंने प्रत्येक वार्ड की व्यवस्थाओं को देखा और उपचाररत मरीजों से चर्चा कर सुविधाओं की गुणवत्ता पर फीडबैक लिया। कलेक्टर श्री मीना ने चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि सभी डॉक्टर निर्धारित समय पर उपस्थित रहें, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अस्पताल में निर्माणाधीन आई वार्ड और बर्न वार्ड के कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुराने आईसीयू को कोविड काल में निर्मित नए आईसीयू में शिफ्ट करने और पुराने आईसीयू के सुधार कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

साथ ही अस्पताल के शौचालय, वाशरूम और सीपेज से जुड़े 48 लाख रुपये के सिविल कार्यों को जल्द स्वीकृति दिलाकर प्रारंभ करने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री मीना ने सीटी स्कैन मशीन के पंजीयन को लेकर भी गंभीरता दिखाई और पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के तहत तत्काल पंजीयन कराने के निर्देश दिए। इसमें देरी होने पर संबंधित जिम्मेदारों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अस्पताल में साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। मरीजों को सभी आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें बाहर से दवा न खरीदनी पड़े। गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी वार्डों में कूलर और पंखे सुचारु रूप से चालू रखने के निर्देश भी दिए गए। जिन वार्ड में एसी लगे हैं वह सभी चालू हालत में रखने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान मरीजों ने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया, हालांकि शौचालय और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता भी बताई।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ नीलय जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप सहित एनएचआरएम की उपयंत्री भी उपस्थित रहीं। यह निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में प्रशासन की सक्रियता का संकेत देता है।

### अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर

## बालाघाट में कांग्रेस नेता रहीम खान एवं समर्थकों ने मनाई खुशी, बांटी मिठाईयां..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***छत्तीसगढ़ के प्रथम व पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी के खिलाफ पूर्व में बरी किये जाने के बावजूद छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय द्वारा उम्र कैद की सजा का फैसला दे दिया गया था, तथा इस मामले में न्यायालय द्वारा एकपक्षीय फैसला सुनाते हुए सजा***



सुना दी गई थी। सोशल मीडिया के माध्यम से इस मामले में पुरे देश में चर्चा व्याप्त थी, जबकि वहीं इस मामले में अमित जोगी ने सुप्रीम कोर्ट में अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से अपील दायर की, जिसमें अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है और हाईकोर्ट में जो मामला था उसे रद्द कर अब आगामी कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट द्वारा की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट से अमित जोगी को राहत मिलने पर जहां पुरे छ.ग. में उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है, वहीं बालाघाट में भी कांग्रेस नेता रहीम खान एवं उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है, तथा रहीम खान एवं उनके साथियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के उपरांत गुरूवार की शाम शहर के कालीपुतली चौक में पटाखे फोड़कर मिठाईयां बांटी और खुशी जाहिर की।

### बोले रहीम खान..

रहीम खान ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा हत्या के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र अमित जोगी जी का पक्ष जाने बगैर सुनवाई से वंचित करते हुए सीधे उम्र कैद की सजा सुना दी गई, जबकि इस मामले में न्यायालय द्वारा पूर्व में अमित जोगी जी को बरी किया जा चुका था। इस तरह के अन्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका पेश करने पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अमित जोगी को राहत दे दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और सत्य एवं न्याय की जीत होगी। इस अवसर पर महेश सहारे, धमेन्द्र कुरली, बबन पिपलेवार, शमीम सिद्दीकी, अल्ला रक्खा, शब्बीर पटेल, फिरोज खान, शाबिर मंसूरी सहित अन्य अनेक समर्थक एवं साथी मौजूद रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार की अध्यक्षता में

## सामान्य सभा की बैठक में ग्रामीण विकास कार्यों की प्रगति पर की गई विस्तृत समीक्षा

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला पंचायत बालाघाट के सभागृह में गुरुवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने की।***



बैठक में बैहर विधायक श्री संजय उइके, जिला पंचायत के सभी सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक सराफसहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम पंचायत जमुनिया के कछार में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

खनिज विभाग की समीक्षा में कटंगझरी एवं डोंगरिया क्षेत्रों में खदानों के कारण भूजल स्तर गिरने की समस्या पर चिंता व्यक्त की गई। खदान संचालकों को सीएसआर मद के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग से संबंधित मुद्दों में ग्राम चिचगांव में वोल्टेज की समस्या एवं बिजली पोल की कमी तथा मोहगांव में सब-डिवीजन केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। इस संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्कूलों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा ग्राम चिखमारा सहित अन्य ग्रामों में नल-जल योजनाओं की खराब मोटरों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए। शिक्षा से जुड़े विषयों में कटंगी क्षेत्र के निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए बालाघाट आने में हो रही परेशानी पर चर्चा हुई। ब्लॉक स्तर पर परीक्षा केंद्र स्थापित करने के लिए शासन को पत्र भेजने का सुझाव दिया गया। साथ ही किरनापुर के ग्राम पौनी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं स्कूलों तक पहुंच मार्गों पर पुल-पुलिया निर्माण की आवश्यकता बताई गई।

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में 11 प्रकार की पेंशन योजनाओं के तहत 1,92,617 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। बैहर में वृद्धा पेंशन वितरण में देरी पर नाराजगी जताई गई। दिव्यांगों को वितरित ट्रायसाइकिल के मरम्मत कार्य में देरी पर संबंधित संस्था को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए। साथ ही किरनापुर में सामूहिक विवाह की नई तिथि निर्धारित करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही गई। वन विभाग की समीक्षा में नदी-नालों पर स्टॉप डैम निर्माण के प्रस्ताव भेजने, जल संरक्षण एवं वन्यप्राणियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विधायक संजय उइके ने वन क्षेत्र में कमी एवं बांस के घटते रकबे पर चिंता जताते हुए फलदार वृक्षों के रोपण पर बल दिया।

बैठक में पंचामा दादर क्षेत्र में प्रस्तावित बॉक्साइट खनन को लेकर जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति दर्ज कराई और इसे जल, जंगल एवं जीवन के लिए हानिकारक बताते हुए रोक लगाने की मांग की। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों एवं पुल-पुलियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए बैहर-कटंगी-आमगांव मार्ग पर पुल निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की गई और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया, ताकि वर्षा ऋतु में ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक के बैठक में अनुपस्थित रहने पर अध्यक्ष द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अंत में जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों में तेजी लाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया।

### जिला पावर लिफ्टिंग और वेट लिफ्टिंग एशोसिएशन के तत्वाधान में

## बालाघाट में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला, पुरुष पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ..

### पहले दिन 150 पुरुषों के साथ 40 महिला पहलवानों ने भी दिखाया पावर का दम..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला मुख्यालय में फिर एक बार दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला, पुरुष इक्विप्ड पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसका भव्य शुभारंभ आज 23 अप्रैल दिन गुरुवार को स्थानीय नूतन कला निकेतन परिसर में गरिमामय माहौल में धुमधाम से***







किया गया। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के पावर व उनके हुनर की जांच कर उन्हें पाइंट देने के लिए नागी-गिरामी 35 ऑफिशियल महारथियों की टीम भी बालाघाट पहुंची जिन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन भाग लेने वाले खिलाड़ियों के प्रदर्शन का अवलोकन करते हुए निर्णय दिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेशध्यक्ष केआर तिवारी, सचिव दिनेश पालेवाल, जिलाध्यक्ष मधुकर हरपाल, सचिव सुरेन्द्र जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि जिला पावर लिफ्टिंग और वेट लिफ्टिंग एशोसिएशन के बैनर तले आयोजित राज्य स्तरीय महिला, पुरुष इक्विप्ड पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के पहले दिन ही खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पहले दिन ही पुरुष वर्ग में 145 तो महिला वर्ग में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से 40 महिला खिलाड़ीयों ने अपनी शक्ति का परिचय दिया। प्रतियोगिता की शुरुआत महिला वर्ग से की गई। यहां अलग-अलग कैटेगिरी 47 किलो, 52 किलो व 57 किलो की स्काट प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ी पूर्वी लश्करी, अल्का चौके, तमन्ना परते, योगिनी, ईशा आठोड़े, रीया कल्याणे, नैनसी केवट, मीना शर्मा, शिवाजी जाटव, अयाना बी, पल्लवी रिझारिया ने अपने पावर का प्रदर्शन किया है।

### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मीना ने भी की शिरकत..

राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में करीब 53 वर्षीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मीना शर्मा ने भी शिरकत की है, और उन्होंने स्काट, बैंच विद्या में अपने दमखम का प्रदर्शन किया है।

बता दें कि मीना ने इस प्रतियोगिता, में वर्ल्ड टूर्नामेंट में कजाकिस्तान में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, साथ ही उन्होंने विदेश के टर्की और मलेशिया में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

वहीं प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी तीन विद्या बैंच, स्काट और डेड-लिफ्ट में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंदसौर, कटनी और झाबुआ सहित अन्य जिले के प्रतिभागी अपनी ताकत का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता का विजेता बनने के लिए दमखम लगाएंगे।

### स्वास्थ्य व्यवस्था के किये गए पुख्ता इंतजाम..

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बालाघाट जिले पहुंचे पावर लिफ्टिंग के खिलाड़ियों के लिए उनके ठहरने व खान-पान के उचित इंतजाम किए गए है, तो वहीं प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को किसी प्रकार की चोट लगने या फिर मांस,पेशियों में खिंचाव की स्थिति निर्मित होने पर उन्हें तत्काल ही स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए जिला अस्पताल का स्वास्थ्य अमला भी मौजूद रहा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, धरपीवाड़ा से लालबर्रा मार्ग में हुआ हादसा..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम धरपीवाड़ा से लालबर्रा मार्ग पर सडक़ दुर्घटना में घायल एक युवक की ईलाज दौरान शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। जिसकी सूचना कोतवाली थाना को मिलने पर पुलिस ने मृतक अर्पित पिता विजय श्रीवास्तव 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 5 लालबर्रा रोड गुरूनानक वार्ड वारासिवनी का शव बरामद कर पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में एएसआई भुनेश ठाकरे ने बताया कि 21 अप्रैल के रात करीब 12.30 बजे मृतक अर्पित श्रीवास्तव अपने एक साथी के साथ बाईक से लालबर्रा से वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में धरपीवाड़ा के समीप सडक़ दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। दुर्घटना में अर्पित को गंभीर चोट आने पर गायखुरी स्थित सरदार पटेल मल्टी हॉस्पिटल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जिसकी 22 अप्रैल के शाम करीब 4.56 बजे उपचार दौरान मौत हो गई। जिसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन द्वारा कोतवाली थाना में दी गई। पुलिस द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शून्य पर मर्ग कायम किया गया है। डायरी जांच के लिए लालबर्रा थाना को भेजी जाएगी।


|| श्री जीणमाता की जय ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
|| जय गुलाब बाबा नमः ||
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


### निविदा सूचना

बालाघाट जिले के व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि एनसीसी, बालाघाट का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 15 मई से 24 मई 2026 तक कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई में आयोजित होगा, जिसमें लगभग 500 कैडेटों एवं स्टाफ ने भाग लेना है। इच्छुक व्यापारी राशन / साग सब्जी वितरण हेतु 01 मई 2025 तक बंद लिफाफे में अपनी निविदा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

6 म.प्र. बटालियन
एनसीसी बालाघाट म.प्र.



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935



जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाडा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर


## बालाघाट ग्रामीण में जनगणना-2027 के लिए स्व-गणना शिविर, हट्टा एवं भरवेली शिविर में ग्रामीणों में दिखाया उत्साह..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***जनगणना-2027 के तहत बालाघाट जिले में स्व-गणना को बढ़ावा देने के लिए कलेक्ट र श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 23 अप्रैल 2026 को बालाघाट ग्रामीण क्षेत्र***

के ग्राम हट्टा एवं भरवेली में स्व-गणना हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों में इस प्रक्रिया को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। ग्राम हट्टा में आयोजित शिविर में तहसीलदार सुश्री छवि पंत की उपस्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच एवं गणमान्य नागरिकों को ऑनलाइन स्व-गणना के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान दोपहर तक 25 लोगों ने ऑनलाइन स्व-गणना फॉर्म भरकर सहभागिता दर्ज कराई। स्व-गणना की सरल ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली और वे अपने एंड्रॉयड मोबाइल के माध्यम से अन्य लोगों को भी इसमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इसी प्रकार ग्राम भरवेली में नायब तहसीलदार श्रीमती मंजुला महोबिया की उपस्थिति में शिविर आयोजित किया गया। यहां भी ग्रामीणों को जनगणना-2027 में सक्रिय भागीदारी निभाने और ऑनलाइन स्व-गणना कर एसई आईडी (स्ध्न ढ्ढष्ठ) प्राप्त करने के लिए जागरूक किया गया। शिविरों में उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि जिन लोगों ने अभी तक ऑनलाइन स्व-गणना फॉर्म नहीं भरा है, वे शीघ्र इसे पूरा करें। 1 मई 2026 से प्रारंभ होने वाले प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं गणना' में सभी का सहयोग आवश्यक है। स्व-गणना पूरी करने पर प्राप्त एसई आईडी को 1 मई से 30 मई 2026 के बीच प्रगणक के भ्रमण के दौरान साझा करना अनिवार्य होगा, जिसके सत्यापन के बाद ही गणना प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि स्व-गणना प्रक्रिया पूरी तरह ऐच्छिक है। यदि कोई नागरिक स्वयं जानकारी दर्ज नहीं करता है, तो प्रगणक निर्धारित अवधि में घर-घर जाकर 33 निर्धारित प्रश्नों के आधार पर आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे। इसमें मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं और परिवार की परिसंपत्तियों से जुड़ी जानकारी शामिल होगी।

इस बार की जनगणना में आधुनिक डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। पहली बार मोबाइल ऐप के माध्यम से बड़े पैमाने पर डेटा संकलन किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जागरूकता और सक्रिय सहभागिता के साथ इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

## जल गंगा संवर्धन अभियान : ग्राम भारिया एवं सुकड़ी में जल गुणवत्ता जांच और स्वच्छता गतिविधियां आयोजित..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड परसवाड़ा के ग्राम भारिया एवं सुकड़ी में विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान पेयजल की गुणवत्ता जांच, जल स्रोतों की***

साफ - सफाई तथा जनजागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट की सहयोगी संस्था ÷नई रोशनी÷ के फील्ड समन्वयक हिमांशु डोहरे एवं टिकेश बोपचे द्वारा फील्ड टेस्टिंग किट (स्न्ञ्य) के माध्यम से स्कूलों एवं आंगनवाडियों के पेयजल स्रोतों का मौके पर ही परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान जल के प्रमुख मानकों जैसे क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड एवं पीएच की जांच कर उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्न्ञ्य किट के उपयोग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इससे ग्रामीण स्वयं नियमित रूप से अपने क्षेत्र के जल स्रोतों की गुणवत्ता की जांच कर सकेंगे। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि यदि किसी जल नमूने में गुणवत्ता प्रतिकूल पाई जाती है, तो उसे विस्तृत परीक्षण के लिए जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाएगा, ताकि समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।

अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई भी की गई। इस कार्य में सरपंच, ग्रामीणजन, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक एवं महिलाओं के समूह ने सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वच्छता व जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर ग्राम पंचायतों को स्न्ञ्य किट वितरित की गई, जिससे गांव स्तर पर जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके। यह अभियान न केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी प्रयास भी है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे..
मो. 9329033433


## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बैहर में प्रवेश हेतु आवेदन प्रारंभ..

जगप्रेरणा बैहर।

***एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बैहर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथियों में आवेदन कर सकते हैं।***

इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 7वीं में 1 सीट (बालक-00, बालिका-01) तथा कक्षा 9वीं में 1 सीट (बालक-01, बालिका-00) उपलब्ध है। वहीं कक्षा 11वीं में कुल 29 सीटें विभिन्न संकायों में निर्धारित की गई हैं, जिसमें विज्ञान संकाय में 5, कला संकाय में 6 तथा वाणिज्य संकाय में 18 सीटें शामिल हैं। प्रवेश प्रक्रिया कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश पूर्णतः मेरिट सूची के आधार पर होगा। महत्वपूर्ण तिथियों के अनुसार आवेदन प्रक्रिया 25 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 5 मई 2026 तक चलेगी। प्रवेश परीक्षा (श्वरूक्रस्रुञ्) 6 मई 2026 को आयोजित की जाएगी।

इसी दिन प्रथम मेरिट सूची एवं एडमिशन प्रक्रिया भी प्रारंभ होगी। चयनित विद्यार्थियों के लिए एडमिशन की अंतिम तिथि 8 मई 2026 निर्धारित है, जबकि द्वितीय चयन सूची जारी होने की संभावित तिथि 15 जून 2026 रखी गई है। विद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं पात्रता एवं अन्य आवश्यक जानकारी के लिए विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट 222.द्दद्वह्म्द्वड्डड्डद्वद्धड्डह्ल.शह्द्न.द्वठ्ठ पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## गेहूँ खरीदी के लिए 1249 किसानों ने कराया स्लॉट बुक

### अब तक 164 किसानों से 3672 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। इन केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है।***

23 अप्रैल तक जिले के 164 किसानों से 3672 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल गेहूँ का दाम 2625 रुपए प्राप्त होगा। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। अब तक जिले के 1249 किसानों गेहूँ खरीदी के लिए स्लॉट बुक करा लिया है। निर्धारित तिथि के पश्चात स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया संभव नहीं होगी।

## विदेश में पढ़ाई के लिए अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विदेश में उच्च शिक्षा के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दे रहा है। पूरे प्रदेश से 50 विद्यार्थियों का चयन विदेशों में स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधि के लिए किया जाता है।***

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के सभी कालेजों के प्राचार्यो से कहा है कि वे पात्र विद्यार्थियों को इस योजना से अवगत कराएं जिससे इच्छुक विद्यार्थी विदेश में उच्च अध्ययन के अवसर का लाभ उठा सकें।

राज्य शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा शोध उपाधि प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जनजाति के जो पात्र विद्यार्थी विदेश में किसी मान्य विश्वविद्यालय में प्रवेश लेते हैं तो उन्हें छात्रवृत्ति के रूप में यूनिवर्सिटी की फीस की वास्तविक व्यय राशि अथवा 40 हजार अमेरिकन डॉलर इनमें से जो कम हो दिया जाता है। इसके साथ-साथ निर्वाह भत्ता के रूप में 9 हजार अमेरिकन डॉलर और आकस्मिक भत्ते के रूप में एक हजार अमेरिकन डॉलर दिए जाते हैं। इसके साथ-साथ शिक्षण शुल्क, मेडिकल, इंश्योरेंस, वीजा शुल्क तथा हवाई यात्रा किराया भी प्रदान किया जाता है। स्नातकोत्तर पढ़ाई के लिए आवेदन करने पर स्नातक में 60 प्रतिशत से अधिक तथा शोध उपाधि के लिए स्नातकोत्तर परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना आवश्यक है। शोध उपाधि के लिए एमफिल की उपाधि अथवा संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष के अध्यापन का अनुभव होना आवश्यक है।

इस संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि आवेदक का मध्यप्रदेश में निवासरत अनुसूचित जनजाति का सदस्य होना आवश्यक है। जिसकी आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट 222.ह्लह्म्द्बड्डड्डद्य.द्वश्च.द्दश1.द्वठ्ठ पर उपलब्ध आवेदन पत्र के प्रारूप को प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग 59 आदि भवन अरेरा हिल्स भोपाल अथवा जिला जनजातीय कार्य विभाग में स्वयं भी जमा कर सकते हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गोरेघाट में ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिले में 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' के तहत जन-जागरूकता गतिविधियों को निरंतर गति मिल रही है। इसी क्रम में जन अभियान परिषद द्वारा महकेपार सेक्टर-5 अंतर्गत ग्राम गोरेघाट में जल संरक्षण***

एवं संवर्धन को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के साथ जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा ग्राम की छोटी नदियों एवं नालों में जल सुरक्षित रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जल संवाद के दौरान ग्रामीणों ने वर्षा ऋतु से पूर्व स्थानीय जल स्रोतों के पुनर्जीवन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से जल संरचनाओं की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य श्रमदान के माध्यम से किया जाएगा, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के तत्वाधान में परामर्शदाता अवलेश पारधी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को ÷जल शपथ÷ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी गांव के जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था अध्यक्ष युवराज मूर्खे, परामर्शदाता अवलेश पारधी, गोरेघाट प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मदनलाल बेलखेडे, अंबेझरी प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष जैपाल पुष्पतोडे, सीएमसीडीएलपी छात्र प्रतीक खोबरागड़े, युवराज संग्रामे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह पहल जल संरक्षण के प्रति सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने और जनभागीदारी से स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।







**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*




जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार

शुक्रवार 24 अप्रैल 2026



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900



## रात के अंधेरे में हो रहा रेत का अवैध खनन एवं परिवहन कार्यवाही नहीं होने से माफियाओं के हौसले बुलंद..

जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***इन दिनों रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। रेत माफिया खुलेआम रात के अंधेरे में अपने ट्रैक्टर में भरकर रेत बेच रहे हैं। शासन को लाखों के राजस्व की चपत लगा रहें है। प्रशासन चुप्पी साध कर बैठा है।***






कई थानों के सामने से रेत से भरे ट्रैक्टर- ट्रॉली निकलते रहते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। रात के अंधेरे में बावन थडी नदी, बम्हनी, हरदौली रेत घाट एवं आसपास के नालो नदी से रेत का अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है। नदियों से खनन माफिया मशीन के जरिए रेत निकालकर आसपास के सटे गांवों में दर्जनों जगह डंप कर रहे है अवैध रेत का रेत माफियाओं द्वारा रात को ट्रेक्टर में लोड कर थाने और चौकी के सामने से धड़ल्ले से परिवहन किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन खनन माफियाओं पर मेहरबान है। रेत माफियाओं के अवैध कारोबार में पुलिस और खनिज विभाग का उन्हें पूरा सहयोग प्राप्त है, लेकिन कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।रेत माफिया बिना किसी फिटपास के धड़ल्ले से रेत का अवैध कारोबार करने में लगे है।

### इन जगहों से हो रहा रेत का अवैध खनन एवं परीवहन

तिरोड़ी तहसील अंतर्गत बोनकट्टा की बावन थडी नदी, खरपड़िया नाला,हीरापुर,बम्हनी रेत घाट, हरदौली रेत घाट,से ट्रैक्टर में लोड कर एवं बम्हनी साहूटोला में डंपरों में लोड कर रेत का अवैध खनन एवं परीवहन किया जा रहा है विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बम्हनी साहूटोला से डंपर में रेत लोड कर महाराष्ट्र में भेजी जा रही है। रेत माफिया द्वारा सीधे खदान से रेत का परिवहन किया जा रहा है। रेत माफिया बराबर धंधा चमकाने में जुटे हुए हैं। अंधेरा होते ही रेत माफिया सक्रिय हो जाते हैं। शहर में प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक डंपर एवं ट्रेक्टर से रेत का परिवहन किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, नदियों से बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन किया जा रहा था। ट्रक, डंपर और जेसीबी मशीनों के माध्यम से रात के अंधेरे में रेत निकाली जा रही है। इसमें प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है क्योंकि खुलेआम हो रहे इस दोहन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही और रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे है।

### बोले खनिज अधिकारी पाटिल..

'रेत के अवैध खनन एवं परीवहन से संबंधित जानकारी आपके द्वारा मिली संबंधित थाने के टी आई और तहसीलदार से बात कर कार्यवाही करते है'

## भाजपा पदाधिकारी द्वारा प्रियंका गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी पर वारासिवनी में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन..

### राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिला अध्यक्ष ने की आरोपी की गिरफ्तारी की मांग..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी के खिलाफभाजपा पदाधिकारी सौरभ गुप्ता द्वारा की गई अशोभनीय एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में 21 अप्रैल 2026, मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वारासिवनी में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।***

राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस अध्यक्ष जावेद अली के नेतृत्व में वारासिवनी विधानसभा के समस्त कांग्रेसियों ने स्थानीय कोतवाली थाना पहुँचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा और आरोपी के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### बोले अनिल पिपरेवार..

नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल पिपलेवार ने कहा कि जो पार्टी संस्कार और नैतिकता की बड़ी-बड़ी बातें करती है, उनके पदाधिकारी आज महिलाओं के प्रति इतनी ओछी मानसिकता प्रदर्शित कर रहे हैं। हम इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे, प्रशासन को तुरंत एफआई.आर. दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करना चाहिए। पूर्व सरपंच अशोक लिल्हारे ने अपनी बात रखते हुए कहा कि एक ओर ये लोग भारत माता और गौ माता के सम्मान की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हीं के नेता नारी का अपमान करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे। यह दोहरा चरित्र जनता देख रही है और हम इस दुर्व्यवहार के विरुद्ध चुप नहीं बैठेंगे।

### बोले जावेद अली..

राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिला अध्यक्ष जावेद अली प्रदर्शन के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जावेद अली ने कि श्रीमती प्रियंका गांधी जी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी न केवल एक नेत्री का, बल्कि देश की हर नारी का अपमान है। भाजपा का 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा केवल दिखावा और ढोंग है।

हम इस दुर्व्यवहार को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर आरोपी पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। यदि हमारी मांगों को अनदेखा किया गया, तो आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।'

### प्रदर्शन में इनकी रही उपस्थिति..

इस विरोध प्रदर्शन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल पिपलेवार, पूर्व सरपंच अशोक लिल्हारे, पूर्व जनपद सदस्य अशोक मरार, सरपंच किशोर तामेश्वर, सेवा दल महिला जिलाध्यक्ष रेशमा कुमरे, सेवा दल विधानसभा प्रभारी भुवन लोहार, विक्रांत मेश्राम, अल्पसंख्यक विभाग विधानसभा अध्यक्ष अरशद कुरैशी, मंडल अध्यक्ष पप्पू गोन्नाडे, संतलाल लिल्हारे, सत्तू बिसेन, आरजीवीएम अध्यक्ष राकेश हेड़ाऊ, आरजीवीएम अध्यक्ष राजेश कोलते, अतुल पारधी, अंकेश दमाहे, पिंटू वर्मा, साहिल नगपुरे, राजिक कुरैशी, सादाब हसन, सादाब खान, अंशु डोंगरे, संग्राम धुर्वे, देवेश कुमार धुर्वे, सुमित दमगाहे, आरजू मश्राम, आरजीवीएम अध्यक्ष सोनू कनोजिया सहित राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के परम सहयोगी दामोदर यादव मंडल का 26 अप्रैल को होगा नांदी में आगमन

### एडवोकेट डॉ. संजय खोबरागड़े की अध्यक्षता व इंजीनियर सतेंद्र विद्रोही व एडवोकेट सुरेन्द्र बारमाटे होंगे विशिष्ट अतिथि

### परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की 135वीं जयंती पर होगा विशाल प्रतिमा का अनावरण उपरांत फैजान ताज की होगी कव्वाली




जगप्रेरणा बालाघाट।

***तहसील मुख्यालय कटंगी से 10 किलोमीटर दूर ग्राम नांदी में परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह मुख्य अतिथि दामोदर यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष दलित पिछड़ा आदिवासी संगठन),***

कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट), प्रमुख अतिथि इंजीनियर सत्येंद्र विद्रोही (प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी), एडवोकेट सुरेंद्र बारमाटे (प्रदेश महासचिव ऑल इंडिया समता सैनिक दल मध्य प्रदेश), विशेष अतिथि अमित बसोड़ (प्रदेश महासचिव एएसपी), वीरेंद्र शिंदे (प्रदेश महासचिव भीम आर्मी), रितेश बोरकर (जिला अध्यक्ष भीम आर्मी बालाघाट), निलेश बौद्ध (जिला अध्यक्ष एएसपी बालाघाट ), संजय पाटिल (ट्रस्टी शांतिवन चिचोली नागपुर), सौरभ लोधी (प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा ), कपिल मेश्राम (सभापति नगर परिषद कटंगी ), संजय शेंडे (अध्यक्ष डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी ) विशिष्ट अतिथि - दलित मेश्राम अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ तहसील तिरोड़ी, प्रदीप ऊके सचिव तहसील बौद्ध संघ तहसील तिरोड़ी, महेंद्र हिरकने अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ कटंगी, प्रियंका परते जिला पंचायत सदस्य, प्रकाश उके जिला पंचायत सदस्य, विकास खांडेकर अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट, जगदीश रावत तहसील अध्यक्ष समता सैनिक दल तिरोड़ी, रामचंद्र मेश्राम अध्यक्ष बौद्ध संघ सर्कल नांदी, आचार्य चितरंजन वासनिक सदस्य ऑल इंडिया समता सैनिक दल, डॉ. आशीष बोरकर सामाजिक चिंतक, भोजराज वासनिक (अध्यक्ष सम्यक बुद्ध विहार समिति नांदी), धनेश्वर मेश्राम (दुर्ग छत्तीसगढ़,) हंसराज रावतकर(सुंदर), गजेंद्र ऊके सचिव बालाघाट जिला बुद्ध संघ सर्कल शाखा नांदी, भगवान दास खोबरागड़े परसवाड़ा घाट, विनोद पंच भाई सदस्य जनपद पंचायत कटंगी, धर्मेंद्र बोमबर्डे सामाजिक चिंतक, आनंद उके सामाजिक कार्यकर्ता, रितेश उके सामाजिक चिंतक, दुर्गेश वासनिक सामाजिक कार्यकर्ता, मुकेश उके सामाजिक कार्यकर्ता, लखन मेश्राम, सम्माननीय अतिथिगण शैलेंद्र चौकसे पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी, चैनलाल तुरकर सरपंच ग्राम पंचायत नांदी, रहीम खान उप सरपंच ग्राम पंचायत नांदी, भूपेंद्र चौकसे पूर्व सदस्य जनपद पंचायत कटंगी, महेश अग्रवाल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत नांदी, सर्वेसती विशेष बिसेन सरपंच ग्राम पंचायत सुंदर, चंद्रकला राजेंद्र टांडेकर सरपंच ग्राम पंचायत परसवाड़ा घाट, दिलीप पटेल समाजसेवी, उर्मिला, अशोक पटेल सरपंच ग्राम पंचायत मोहगांव की उपस्थिति में होगा संपन्न। आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष वासनिक ने जारी बयान में बताया की अम्बेडकरी आंदोलन के योद्धा एड चंद्रशेखर आजाद सांसद के प्रमुख सहयोगी ओबीसी नेता दामोदर यादव का बालाघाट की सरजमी नांदी में प्रथम मर्तबा आगमन हो रहा है। दामोदर यादव मंडल उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु सतत संघर्ष कर रहे है।

मप्र में बहुजन समाज की एक बुलंद आवाज है। उनके मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में प्रात 3 बजे भव्य रैली 5 बजे परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण 7 बजे मंचीय उद्बोधन रात्रि 10 बजे राष्ट्रीय प्रबोधनकार फैजान ताज की होगी।

कव्वाली आयोजक समिति संतोष वासनिक अध्यक्ष, प्रशिक उके, शैलेश के वासनिक उपाध्यक्ष, विनोद मासुल्कर सचिव, सुधीर रामटेक, साहिल वासनिक सहसचिव, संजय भीमटे कोषाध्यक्ष, आकाश उके सह कोषाध्यक्ष, जितेंद्र मेश्राम सलाहकार, सुरेंद्र बोमबर्दे संरक्षक,



आयोजन समिति के सचिव विनोद मासूलकर ने जारी बयान में बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दामोदर यादव मंडल, कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े एवं कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि इंजीनियर सत्येंद्र विद्रोही, एड सुरेन्द्र बारमाटे सहित अन्य अतिथि गण परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर 6 फीट की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

समिति के द्वारा कार्यक्रम में शरीक बौद्ध उपासक उपासिकाओं को भोजन दान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के रमा महिला मंडल के अध्यक्ष मनोरमा चौहान, सचिव दुर्गा वासनिक, सोनम वासनिक ने समस्त बौद्ध अनुयायियों से आव्हान किया है कि स्वेत वस्त्र में अधिक से अधिक तादाद में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वारासिवनी नगरपालिका की पहल, कार्यालय में स्थापित की वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर नगर पालिका वारासिवनी द्वारा जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने कार्यालय परिसर में वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) प्रणाली स्थापित की गई है।***

इसके साथ ही निकाय क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों को भी पत्र जारी कर अपने-अपने भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली निर्माण कराने का अनुरोध किया गया है। मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले वर्षों में इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के बाद वर्ष 2026 में भी इसे योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन, पुराने जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल वितरण प्रणाली की स्वच्छता, नगरीय निकायों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना, ग्रीष्मकाल में प्याऊ व्यवस्था तथा हरित क्षेत्र विकास जैसे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन हेतु नगरपालिका द्वारा दैनिक गतिविधि कैलेंडर तैयार किया गया है।

अभियान का शुभारंभ 19 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के दिन किया जा चुका है, जिसके बाद से निकाय क्षेत्र में तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निरंतर जारी है। नगरपालिका द्वारा लगभग 17 शासकीय कार्यालयों को पत्र भेजकर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने का आग्रह किया गया है। जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सभी वार्डों में वार्ड प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साथ ही, अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों के फोटो प्रतिदिन पोर्टल एवं गूगल लिंक पर अपलोड किए जा रहे हैं।



नगरपालिका द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित कर जल संरक्षण में योगदान दें। यह पहल न केवल जल संकट से निपटने में सहायक होगी, बल्कि भविष्य के लिए जल संसाधनों के संरक्षण की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित होगी।

## 26 अप्रैल को राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन..

### जिले के 09 केन्द्रों पर दो सत्रों में होगी परीक्षा, 3866 परीक्षार्थी होंगे शामिल

### ओएमआर शीट पर होगी परीक्षा, केंद्रों पर रहेगी सख्त सुरक्षा व्यवस्था

### वर्जित सामग्री की सख्ती से होगी जांच

जगप्रेरणा बालाघाट।

***लोक सेवा आयोग मध्यप्रदेश इंदौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल 2026 को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। बालाघाट जिले में भी इस परीक्षा के लिए 09 केंद्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर 3866 परीक्षार्थी शामिल होंगे।***

आयोग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा ओएमआर शीट पर आधारित प्रणाली से कराई जाएगी। बालाघाट जिले में परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। पहला सत्र सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक रहेगा। तथा अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से पहले 90 मिनट पहले ही केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा कक्ष में ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। साथ ही यहां भी आयोग द्वारा कहा गया है कि परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय जाँच की जायेगी, जिसमें बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एच एच एम डी के माध्यम से तालाशी की जाएगी। साथ मे दोनों सत्रों में द्धह्द्धह्यद्बद्धठ्ठद्द की जाएगी। इस प्रक्रिया के बाद ही प्रवेश देने दिया जयेगा। जिसमें पुरुष और महिला दोनों की द्धह्द्धह्यद्बद्धठ्ठद्द, जेंडर अनुसार ही की जावेगी।

### परीक्षा कक्ष में वर्जित वस्तुएं

परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस रोकने के लिए जूते-मोजे पहनकर आना पूरी तरह वर्जित है, अभ्यर्थी सिर्फ चप्पल या सैंडल पहनकर ही आ सकते हैं। चेहरा ढँककर प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार की घड़ी, पेंसिल, रबर, व्हाइटनर, स्केल, बैग, मोबाइल, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, बेल्ट, हाथ के बैंड, कफलिंक, धूप का चश्मा, पर्स, टोपी, चाबी, लाइटर और बालों के क्लचर तक ले जाना मना है।

अभ्यर्थी केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र, गोले भरने के लिए निर्धारित स्याही का पेन, पारदर्शी पानी की बोतल और यदि जरूरी हो तो फोटोग्राफ ही साथ ला सकते हैं। हिजाब, पगड़ी, पल्ला, हाथ में बंधे धागे और ताबीज की जांच सम्मानपूर्वक की जाएगी, लेकिन धार्मिक धागे और महिलाओं के आभूषण उतरवाए नहीं जाएंगे। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी केवल महिला अधिकारी ही करेंगी और दुपट्टे की जांच के बाद तुरंत वापस कर दिया जाएगा।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रूपेश रावते भानेगांव

मो. 9826602705

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

# किरनापुर में पंचायत सचिवों को जल परीक्षण का प्रशिक्षण..

**77 सचिवों ने सीखी FTK तकनीक..**





**जगप्रेरणा किरनापुर।**

***जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (PHED) बालाघाट द्वारा 23 अप्रैल 2026 को जनपद पंचायत किरनापुर कार्यालय में ग्राम पंचायत सचिवों के***

लिए जल गुणवत्ता परीक्षण का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के 77 ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने भाग लेकर फील्ड टेस्ट किट (FTK) के माध्यम से जल जांच की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में बीपीओ वेनेश्वर बिसेन एवं पीसीओ पी एस सैयाम की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड लांजी के ब्लॉक समन्वयक ओमप्रकाश शिवनकर, उपखंड किरनापुर की ब्लॉक समन्वयक श्रुति डहाटे तथा खंड बालाघाट से शीतल मिश्रा द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित बीमारियों की रोकथाम और जल गुणवत्ता की निगरानी को मजबूत करना रहा। अधिकारियों ने बताया कि FTK किट के उपयोग से अब मौके पर ही पानी की शुद्धता की जांच संभव है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को FTK किट के उपयोग का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इसमें फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन एवं पीएच जैसे मानकों की जांच करना सिखाया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि प्रत्येक पेयजल स्रोत की वर्ष में कम से कम दो बार रासायनिक एवं जीवाणु परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। सचिवों को बताया गया कि वे अपने ग्राम की जल एवं स्वच्छता समिति के साथ मिलकर जल स्रोतों की नियमित जांच सुनिश्चित करेंगे, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

इस अवसर पर बीपीओ बिसेन ने कहा कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूलों, आंगनबाड़ियों एवं सार्वजनिक जल स्रोतों की नियमित जांच सुनिश्चित करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री पवन पराडकर ने बताया कि FTK किट एक सरल और प्रभावी माध्यम है, जिससे गांव स्तर पर ही पानी की गुणवत्ता का तुरंत पता लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में अनुसूया कुथे एवं कृष्णकांत सोनी सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान कुछ पंचायत सचिवों ने मौके पर ही जल परीक्षण कर अपनी समझ का प्रदर्शन भी किया।

# डिप्टी कलेक्टर श्री तिवारी को किरनापुर एसडीएम का प्रभार





**जगप्रेरणा किरनापुर।**

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से डिप्टी कलेक्टर आदित्य नारायण तिवारी को किरनापुर एसडीएम का प्रभार सौंपा है।***

डिप्टी कलेक्टर श्री तिवारी ने 21 अप्रैल को किरनापुर एसडीएम का पदभार ग्रहण कर लिया। किरनापुर में एसडीएम का कार्यभार संभाल रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री आकाश अग्रवाल के 02 माह के प्रशिक्षण पर जाने के कारण डिप्टी कलेक्टर श्री तिवारी को किरनापुर एसडीएम का प्रभार सौंपा गया है। 22 अप्रैल 2026 को रेस्ट हाउस किरनापुर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व एसडीएम आकाश अग्रवाल का विदाई एवं नवागत एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी का स्वागत समारोह संयुक्त रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर श्री आकाश अग्रवाल के कार्यकाल की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं नवागत एसडीएम श्री तिवारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में श्री तिवारी ने सभी के सहयोग से क्षेत्र के विकास एवं प्रशासनिक कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का माहौल आत्मीयता और सम्मान से भरा रहा, जहां एक ओर विदाई की भावुकता थी, वहीं दूसरी ओर नए नेतृत्व के प्रति उत्साह भी देखने को मिला।

# कंसुली में महापुरुषों की प्रतिमाओं के साथ छेड़छाड़, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग..







**जगप्रेरणा लांजी।**

जिन महापुरुषों ने अपने जीवन को समाज के उत्थान, समानता और शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया, जिनके विचारों ने देश को नई दिशा दी और करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव लाया। उन्हीं महान विभूतियों की प्रतिमाओं के साथ छेड़छाड़ की घटना ग्राम कंसुली में सामने आई है। यह केवल प्रतिमाओं का अपमान नहीं, बल्कि उन मूल्यों और आदर्शों पर प्रहार है, जिनके लिए इन महापुरुषों ने अपना संपूर्ण जीवन संघर्ष में बिताया।

थाना लांजी अंतर्गत ग्राम कंसुली में सामाजिक समरसता और जागरूकता के प्रतीक महापुरुषों की प्रतिमाओं के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल की रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने गांव में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर उनका अपमान किया। सुबह जब ग्रामीणों ने स्थल का निरीक्षण किया तो डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा चबूतरे में गिरी हुई मिली, जबकि महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की प्रतिमाओं को चबूतरे से दूर फेंक दिया गया था। हालांकि गौतम बुद्ध की प्रतिमा सुरक्षित पाई गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एकजुट होकर थाना लांजी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

सरपंच ने बताया कि इन प्रतिमाओं की स्थापना समाज में समानता, शिक्षा और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से की गई थी। 23 अप्रेल को ग्राम कंसुली के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर असामाजिक तत्वों के विरूद्ध जांच कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### एक सप्ताह पूर्व ही विधायक ने किया था प्रतिमाओं का अनावरण..

गौरतलब है कि 17 अप्रैल को ही क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे के मुख्य आतिथ्य में इन प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया गया था। कार्यक्रम में महापुरुषों के जीवन, उनके संघर्ष और समाज सुधार में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला गया था। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान के रूप में समानता और न्याय की मजबूत नींव दी, वहीं महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले ने समाज में शिक्षा और सामाजिक सुधार की अलख जगाकर पिछड़े और वंचित वर्गों के लिए नई राह खोली।

गौतम बुद्ध ने अहिंसा, करुणा और मानवता का संदेश देकर विश्व को शांति का मार्ग दिखाया। प्रतिमाओं के अनावरण के कुछ ही दिनों बाद हुई इस घटना ने न केवल ग्रामीणों की भावनाओं को आहत किया है, बल्कि समाज में स्थापित आदर्शों और मूल्यों पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# साडरा-दहेगांव मार्ग पर भीषण सड़क हादसा दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल..





**जगप्रेरणा लांजी।**

***क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों के बीच 22 अप्रैल की रात लगभग 9 बजे एक और गंभीर दुर्घटना सामने आई। लांजी थाना अंतर्गत साडरा-दहेगांव मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास दो मोटरसाइकिलों की***

आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दहेगांव निवासी 28 वर्षीय रविशंकर पिता राजेश्वर चौधरी अपनी मोटरसाइकिल (एमपी 50 जेड जे 6830) से लांजी से दहेगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान साडरा निवासी 28 वर्षीय सोनू पिता देवेन्द्र बिल्हारे, जो आमगांव से अपने गृहग्राम साडरा लौट रहे थे, उनकी मोटरसाइकिल (एमपी 50 एम डब्ल्यू 0732) साडरा पेट्रोल पंप के पास आमने-सामने टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को निजी वाहन से लांजी स्थित सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद रविशंकर चौधरी की हालत नाजुक होने के चलते उन्हें बेहतर इलाज के लिए तत्काल रेफर कर दिया गया। वहीं सोनू बिल्हारे को भी गंभीर स्थिति में गोंदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों घायलों की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, घायलों की स्थिति में सुधार होने और बयान दर्ज होने के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# घोटी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के चेहरे पर आई मुस्कान..

### साइकिल मिलते ही मन लगाकर अध्ययन का लिया संकल्प..





**जगप्रेरणा लांजी।**

शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल घोटी में 23 अप्रैल को नवीन प्रवेशित छात्र एवं छात्राओं को साईकिलों का वितरण किया गया। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कुल 29 छात्र-छात्राओं को साईकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा साईकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती बारेकर, सरपंच श्रीचंद कामड़े, भारतीय जनता पार्टी मण्डल लांजी के महामंत्री तुकाराम बारेकर, प्रधानाचार्य एस.एस. धरने, बी.के. मेहरबान, जी.के. सोनवाने सहित स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती बारेकर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, शासन की सभी योजनाओं का लाभ उठाइए। आज आपको साईकिल मिली है। यदि आप अच्छे से पढ़ाई करेंगे तो आगे लैपटॉप, स्कूटी तथा 25,000 रुपये भी प्रदान किए जाएंगे। इसलिए नियमित रूप से स्कूल आएं, कड़ी मेहनत करें और अपने स्कूल, माता-पिता तथा गांव का नाम रोशन करें। साईकिल मिलते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ़ झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान नवीन छात्र-छात्राओं को पुस्तकें भी वितरित की गईं। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को स्कूल आने में सुविधा मिलेगी तथा उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी, ऐसा जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया।

# साइकिल वितरण कार्यक्रम में दिखी खुशी, पढ़ाई के लिए बच्चे उत्साहित..





### भानेगांव पीयमश्री में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के चेहरे पर आई मुस्कान..

**जगप्रेरणा लांजी।**

***पीएम श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भानेगांव में 23 अप्रैल को नवीन प्रवेशित छात्र एवं छात्राओं को साईकिलों का वितरण किया गया। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना केअंतर्गत कुल 100 छात्र-छात्राओं को साईकिल प्रदान की गई।***

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा साईकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य रेवाजी करहाटकरें सरपंच राम ठाकरे रूपचंद रावते लीलाधर रावते सीताराम रावते सी बी चौहान प्राचार्य सहित स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। जनपद सदस्य रेवाजी करहाटकरें ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, शासन की सभी योजनाओं का लाभ उठाइए।

आज आपको साईकिल मिली है। यदि आप अच्छे से पढ़ाई करेंगे तो आगे लैपटॉप, स्कूटी तथा 25,000 रुपये भी प्रदान किए जाएंगे। इसलिए नियमित रूप से स्कूल आएं, कड़ी मेहनत करें और अपने स्कूल, माता-पिता तथा गांव का नाम रोशन करें। साईकिल मिलते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ़ झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान नवीन छात्र-छात्राओं को पुस्तकें भी वितरित की गईं। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को स्कूल आने में सुविधा मिलेगी तथा उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी, ऐसा जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

# कृषि साख सहकारी संस्थाओं में जोड़ने विशेष सदस्यता अभियान





मोरेश्वर फुंडे मेनैजर

**जगप्रेरणा लांजी।**

***बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं(बी-पैक्स) में नए सदस्यों को जोडने के लिए विशेष सदस्यता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है।***

यह अभियान 14 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत क्षेत्र के गैर सदस्य किसानों की पहचान कर उन्हें सहकारी संस्थाओं से जोडने पर जोर दिया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार] शीर्ष बैंक भोपाल के निर्देशानुसार सभी समितियों को लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। इन लक्ष्यों के अनुरूप प्रत्येक बी.पैक्स में पात्र एवं इच्छुक किसानों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें नवीन सदस्य बनाया जाएगा। इस दौरान जानकारी से अवगत कराते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक साडरा के मैनेजर मोरेश्वर फुंडे ने बताया की प्रत्येक किसान से 100 रुपये सदस्यता शुल्क तथा 500 रुपये अंशपूंजी के रूप में जमा कराई जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को सहकारी व्यवस्था से जोड़कर उन्हें सस्ती दरों पर कृषि ऋण, खाद.बीज एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने.अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करें, ताकि वे सहकारी संस्थाओं से जुड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही, इस अभियान की प्रगति की जानकारी शासन एवं शीर्ष बैंक को प्रतिदिन भेजना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए प्रत्येक समिति को प्रतिदिन की सदस्यता जानकारी गूगल शीट के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे अभियान की निगरानी और मूल्यांकन सुचारु रूप से किया जा सके।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## अदृश्य आफ़त 'लू' से जंग में बचाव ही सबसे बड़ा हथियार

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र की ताजा चेतावनी ने उत्तर प्रदेश को सतर्क कर दिया है। 24 और 25 अप्रैल को प्रदेश में भीषण लू चलने की आशंका जताई गई है। राजधानी लखनऊ के विकास नगर और नोएडा समेत कई क्षेत्रों में हाल के अग्निकांडों ने गर्मी के विकराल रूप की झलक पहले ही दे दी है। ईरान-अमेरिका युद्ध से उपजे जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान वृद्धि ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। भारत में लू अब एक गम्भीर मौसमी आपदा के रूप में उभर रही है जिसे विशेषज्ञ 'साइलेंट किलर' का नाम दे रहे हैं, क्योंकि यह बिना शोर मचाए शरीर का पानी सोख लेती है और जीवन पर भारी पड़ जाती है।

इस अदृश्य आफ़त का सबसे क्रूर वार बुजुर्गों, मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों, दिहाड़ी मजदूरों, झोपड़ी-पट्टी में रहने वाले परिवारों और बेघर लोगों पर होता है। असंगठित क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे पसीना बहाने वाले श्रमिकों के लिए तो हर दोपहर जानलेवा साबित हो सकती है। लगातार बढ़ता तापमान शरीर की कार्यप्रणाली को झकझोर देता है और समय पर उपचार न मिले तो स्थिति कुछ ही पलों में गम्भीर हो जाती है। गर्मी सहने की भी एक सीमा होती है और जब पारा उस सीमा को लांघता है तो इंसानी सेहत के साथ-साथ देश की उत्पादकता भी झुलसने लगती है। इसलिए हीट वेव से बचाव और जोखिम न्यूनीकरण की तैयारी अब विलासिता नहीं, जीवन की अनिवार्य शर्त बन चुकी है।

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कानपुर की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साफकिया कि तेज बुखार, लगातार उल्टी और दस्त लू के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल राहत के उपाय करें। भीगे गमछे या तौलिए को सिर पर रखें, चेहरे को ठंडे पानी से बार-बार पोछें। आम का पना, सत्तू का घोल, नारियल पानी, ओआरएस और ग्लूकोज का नियमित सेवन शरीर में खोए हुए लवण और पानी की भरपाई करता है। लू के प्रकोप को थामने का सबसे सरल मंत्र है कि प्यास न लगे तब भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें। तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी जैसे रसीले फलों और बेल, सौंफ, पुदीना, धनिया के शर्बत, छाछ, लस्सी, नींबू पानी को दिनचर्या में शामिल करें। हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहनें और दोपहर 12 से 3 बजे के बीच सीधी धूप में निकलने से बचें। बाहर जाना जरूरी हो तो छाता, गमछा, पानी की बोतल और टोपी को अपना सुरक्षा कवच बना लें।

बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखना बेहद जरूरी है। अगर बच्चे के पेशाब का रंग गहरा हो रहा है तो यह डिहाइड्रेशन का स्पष्ट संकेत है। उन्हें लगातार पानी पिलाएं और हमेशा पानी की बोतल साथ रखने की आदत डलवाएं। पास में पानी होने पर हम अनजाने में भी घूंट-घूंट पीते रहते हैं। किसी भी हालत में बच्चों या पालतू जानवरों को धूप में खड़ी गाड़ी में अकेला न छोड़ें, क्योंकि बंद वाहन मिनटों में भट्टी बन जाता है।

लगातार धूप और लू के थपेड़े किडनी तक को नुकसान पहुंचा सकते हैं। खेतों में काम करने वाले किसानों और खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए खतरा दोगुना है। ऐसे में कार्यस्थल पर ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना, भारी काम सुबह या शाम के ठंडे पहर में कराना और दोपहर में छायादार विश्राम सुनिश्चित करना मालिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। शराब, चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और बासी-भारी भोजन से परहेज करें, क्योंकि ये शरीर को और निर्जलित करते हैं। खाना पकाने के लिए हवादार जगह चुनें और दिन के सबसे गर्म हिस्से में चूल्हा न जलाएं।

अपने घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे, शटर का इस्तेमाल करें, खिड़कियां खोलकर हवा आने दें और निचली मंजिल पर रहने को प्राथमिकता दें। पंखे चलाएं, शरीर को नम कपड़े से पोछें और दिन में दो बार ठंडे पानी से स्नान करें। कच्चे आम का पना इस मौसम का अमृत है। मिचली, गला सूखना, तेज बुखार, बेहोशी या अत्यधिक कमजोरी महसूस होते ही तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। पालतू और दुधारू पशुओं को भी इस मौसम में विशेष देखभाल चाहिए। उन्हें दिन भर छायादार, हवादार जगह पर रखें, ताजा और ठंडा पानी दिन में कई बार दें, पानी में बर्फके टुकड़े डाल दें और भोजन छांव में ही दें।

हीट वेव से निपटना केवल व्यक्तिगत सावधानी का विषय नहीं है, यह सामाजिक और प्रशासनिक साझेदारी की मांग करता है। ग्रामीण इलाकों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाना, खराब हैंडपंप तुरंत ठीक कराना, चौपालों और स्वयं सहायता समूहों की बैठकों में लू से बचाव की जानकारी देना समय की मांग है। सभी स्कूलों में पर्याप्त पेयजल और पंखों की व्यवस्था हो तथा बच्चों को हीट वेव से बचने के गुर सिखाए जाएं। अग्निशमन दल हर पल अलर्ट मोड पर रहें, जर्जर बिजली के खंभे और तार तुरंत दुरुस्त किए जाएं। गौशालाओं में गायों के लिए छाया, स्वच्छ पानी, हरा चारा और बीमार पशुओं के इलाज का पूरा इंतजाम हो। स्थानीय मौसम की सटीक जानकारी के लिए रेडियो, टीवी और विश्वसनीय अखबारों पर नजर रखें।

याद रखिए, पर्याप्त पानी, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, भरपूर नींद और धूम्रपान-शराब से दूरी हमें इस साइलेंट किलर से बचा सकती है। रक्तचाप और मधुमेह को नियंत्रित रखें, दर्द निवारक दवाओं का अंधाधुंध इस्तेमाल न करें। सावधानी, सजगता और सामूहिक प्रयास से ही हम लू की इस जंग को जीत सकते हैं।

लेखक



डॉ नन्दकिशोर साह

## व्यथित मन लेकर घूम रहा वह जग सारा

व्यथित मन लेकर घूम रहा वह जग सारा
इंसान क्यों जीता मारा-मारा
यह प्रश्न कठिन नहीं मगर
उत्तर है अविचल धारा
इंसान क्यों जीता मारा मारा
मन के उन्मादों की जटिलता से
वह क्यों है हारा हारा
इंसान क्यों जीता मारा मारा
क्या सुर में नहीं  सुरमय धारा
सूर्यतेज शांत मन उज्जवल भविष्य से
परिपूर्ण जीवन सारा मगर फिर भी
इंसान क्यों जीता मारा मारा
राही की राह कठिन है लेकिन
चला वह दिन सारा
इंसान क्यों
जीता मारा मारा
सामाजिक दबाव से लेकर
भविष्य की चिंताएं
गहरी है मगर
जीवन है अविचल धारा
यही प्रश्न दिन
रात सुख चैन धैर्य
हर लेता सारा
इंसान क्यों
जीता मारा मारा

लेखक



हर्ष पाण्डेय
बी. ए. प्रथम वर्ष

## 'गूंजे समरस मधुरिम गान'..


'गूंजे समरस मधुरिम
गान'
तूं ही मुझे सृष्टि में लाया,
तूने दी मुझे पहचान।
मैं फिर भूल गया क्यों,
तुझको?
तुझसे हुआ क्यों,
अंजान?
मेरे मन के शयनकक्ष में,
करते हो प्रभु तुम विश्राम।
दूर कभी भी तुम न होते,
बनता मन द्वारिका धाम।
निखिल भुवन को,
आलोकित कर,
देते प्रभु तुम,
नव्य-प्रकाश।
हो सदा उमंगित ये जग,
प्रमुदित हो,
सारा आकाश।
तुझे जानकर
प्रभुवर, अपना।
ओठों में आई मुस्कान।
निश्चय ही प्रभु मुझे,
मिलेगा,
तेरी कृपा का ,
हर वरदान।
हे जगदीश्वर
सारे जग, पर।
तेरा ही अनुपम उपहार।
तूने ही सिखाया
मनुज, को।
करना सृष्टि
से अनुपम,प्यार।
इस वसुधा
पर तू ही, प्रभुवर।
है मेरा सच्चा मीत।
आशा की स्वरलहरी से,
दिल में जागेगी प्रीत।
याचक हूँ तूं ये ही वर दे,
करुं मनुजता का
सम्मान!
'यमुनेश्वरी' की ,
स्वरलहरी से।
गूंजे समरस ,
मधुरिम गान।

रचनाकार



वल्लभ
यमुनेश्वरी
नैनपुर


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 105



ck;I I nk;I !& 1) जुर्म, कसूर, दंड पाने योग्य काम करना 4) तुणीर 7) किंतू 9) चाय का प्याला (अं.) 11) सलाह, परामर्श 14) आवश्यकता 15) समान, तुल्य, बराबर 16) जिसको कान से सुनाई न देता हो 18) डरना, भय से त्रस्त होना, व्याकुल होना 20) बुरी आदत 21) मारे हुये 22) सेवक 23) हमेशा 24) व्याकुल 26) खरीद बिक्री 28) गायब, लापता 30) बिहार का वह शहर तजां भगवान बुद्ध को महाज्ञान प्राप्त हुआ था 31) एक तौल 32) आक्रमण 34) श्रीविष्णुजी का एक नाम 35) गैरजरुरी 37) हाथ 38) फायदा, लाभ 40) मौन, खामोश 42) शैव सम्प्रदाय के वे साधु जो वस्त्र धारण नहीं करते 43) श्रावण शुक्ला पंचमी, इस दिन नागों की पूजा की जाती है 45) चन्द्रमा 47) बिजली गिरने का शब्द, गर्जन 49) सीमा 51) दो पदार्थों के तल का परस्पर मिलना, सटना 53) चांदी 54) देखभाल, निगरानी 57) नृत्य 59) आवाज होना, शब्द निकलना 61) अलग, पृथक 63) वास्तव में 64) ऊल जलूल, व्यर्थ की बातें करना 66) एक दशरथ पुत्र 68) एक स्वयंघोषित मुगल सम्राट 70) मां की मां 72) उस समय 74) एक दल से दूसरे दल में प्रवेश करना 76) नाविक 78) निष्ठा 80) नाश, बरबाद 81) बहुत पतला (कपड़ा आदि) 83) बहुत तेज दौड़नेवाला एक चौपाया जानवर 85) सौगंध, शपथ 87) संगीत में सप्त स्वरों के उतार चढ़ाव का क्रम 89) द्वितीय 90) हमारा एक पड़ौसी देश 91) जिद्दी 92) कलम रखने का पात्र 94) मुहर (अंग्रेजी), एक संगीत प्रेमी मत्स्य 95) सब लोकों का भ्रमण करनेवाले एक देवर्षि 96) अथवा 97) मुसलमानों की प्रार्थना 99) किसी चीज का ऊपरी भाग 100) रिवाज, परिपाटी,, रस्म 103) सड़क पर केवल तमाशा देखनेवाले 106) अदब 107) घेरा 108) मिश्र देश की एक प्रमुख नदी का नाम, रामायण में एक वानर सेनापती 109) फंदा 110) सैनिक, युवक 111) कश्मीर राज्य का एक दर्शनीय स्थल जहां से अमरनाथ को प्रस्थान किया जाता है 114) प्रकार, भांति, किस्म 116) भौंचक्का 117) स्नानघर 118) दबाने की क्रिया, इंद्रियों की चंचलता को रोकना 119) अवयस्क

Åij ls uhps !& 1) वेद की प्राचीन  शैली के अनुसार वर्ष का पहला महीना, मार्गशीर्ष 2) तहदार 3) शासन, रहस्य 4) अंधेरा 5) मुर्दा गाड़ने का गड्ढा 6) मधु 8) एक फिल्म अभिनेत्री जिसकी पहली फिल्म 'टारजन' थी 9) किस समय 10) शौर्य 12) एक पदार्थ की दूसरे पदार्थ में विलीन होने की क्रिया 13) रजनी 15) हमेशा 17) चैत्र शुक्ला नवमी,, श्रीरामजी का जन्म दिन 18) मकान, निवासस्थान 19) एक महीन कपड़ा 22) समुद्र में जहाज ठहरने का स्थान 23) शरम 25) देह, शरीर 27) सिलसिला, बारी 29) मोहित कराना, किसी काम में अनुरक्त कराना 30) गिनती 32) चेष्टा, गतिविधी,, आपत्ती जताना 33) महाभारत की पांचाली 35) विकलांग, अपाहिज 36) नृत्य करना 37) दासी,, सेविका 39) कश्मीर राज्य एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री 41) नग्न 44) किसी पदार्थ का घनत्व नष्ट होना, जीर्ण होना 46) एक किस्म का सुगंधित तंबाकू 48) जताना, मालूम कराना, स्त्री जैसा 50) किसी भार के नीचे आना 52) केश 54) विलंब 55) दौड़ (अंग्रेजी) 56) बुरा लगना, अखरना 58) थप्पड़ 60) किसी मंत्र आदि का बारबार उच्चारण 62) कुली,, भारवाहक 63) भाव, दाम, मूल्य 64) अमावस्या 65) ओस 67) चिंतन 68) पश्चात 69) बलुचिस्तान का निवासी 71) बोली लगाकर की जानेवाली बिक्री की व्यवस्था 73) यम लोक, नर्क 74) रावण 75) अपचन 77) पात्र, अधिकारी 79) एक भाषा 82) एक रत्न 84) बलवान 86) खलबली,, सनसनाहट 88) अशुद्ध 89) टेलिस्कोप 93) खेत का हराभरा होना 95) नश्वर 98) मृत्यु–जनित शोक 101) दक्षिण भारत का एक पर्वत 102) भारत का एक राज्य 104) घटना, वृत्तांत 105) नौ लाख के कीमतवाला (हार) 111) घाव से निकलनेवाला पीब 112) निराकरण, समाधान 113) गीत 114) ओर, थोड़ासा 115) चार युगों में एक (जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

### दिमागी कसरत

नीचे दी हुई सारणी के चौकोनों में जोड़ (+), घटाना (-), गुना (X) और भाग (»)में से किन्हीं भी चिन्हों का प्रयोग करके बायें से दायीं की ओर का और ऊपर से नीचे तक का हल ढुंढ़िये

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 2 | | 3 | | 3 | = | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 5 | | 3 | | 3 | = | 7 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 2 | | 3 | | 2 | = | 5 |
| | | | | | | | | |
| 9 | | 2 | | 1 | | 3 | = | 5 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 1 | | 4 | | 4 | | 6 | | 3 |

fiNys vad ds pkn dk VdMk ! Jhnoh dk tokc !– 1. जस्टीस चौधरी 2. औलाद 3.मवाली 4. नजराना 5. कर्मा 6. खुदागवाह 7. मकसद 8. कलाकार 9. मास्टरजी 10. निगाहें 11. चांदनी 12. मिस्टर इंडिया 13. आखरी रास्ता 14. चालबाज 15. बलीदान 16. तोहफा 17. आर्मी 18. आर्मी 19. गुमराह 20. इंकलाब 21. नगिना 22. जानी दोस्त 23. जुदाई 24. गुरु 25. बंजारन 26. हिंमतवाला 27. चांद का टुकड़ा 28. गुरुदेव

### सू-डोकू- 105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | | | 5 |
| | | | 9 | 4 | | 1 | | 3 |
| | 3 | | | 1 | | 9 | 7 | |
| | 4 | | 2 | 5 | 3 | | 8 | |
| | 5 | 3 | 1 | | | | 9 | 4 |
| | 2 | | 8 | | 4 | 5 | 3 | |
| | | 5 | 4 | | 7 | | | 9 |
| | 9 | 4 | | 6 | | 7 | | 8 |
| | | 1 | 3 | | 9 | 4 | 5 | 6 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

IMkd 104dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 1 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 8 |
| 3 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 |



जग प्रेरणा

# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## प्राची गायकवाड़ ने थ्री पोजीशन्स राइफल में स्वर्ण पदक जीता..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत की प्राची गायकवाड़ ने बृहस्पतिवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में स्वर्ण पदक जीता जबकि नारायण प्रणव ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक हासिल किया जिससे यहां चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में भारत का पदक तालिका में दबदबा कायम रहा।***



यह इस प्रतियोगिता में भारत का दूसरा स्वर्ण है। इससे पूर्व पहले दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में शिव नरवाल ने स्वर्ण जीता था। इसके साथ ही भारत के कुल पदक की संख्या नौ हो गई है जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

प्राची ने फाइनल में 354.6 का स्कोर किया और व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) डार्या चुप्रिस को पीछे छोड़ा जिन्होंने 354.4 का स्कोर बनाया। एक अन्य एआईएन निशानेबाज एलेना क्रेटिनिना ने 343.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

इस बीच, नारायण ने अपनी स्पर्धा में 229.5 के फाइनल स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। प्राची थ्री पोजीशन्स फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय थीं। उन्होंने 578 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर क्वालीफाई किया था। पदक दौर में नीलिंग पोजीशन में पहले 10 शॉट के बाद वह पांचवें स्थान पर थी। प्रोन राउंड में शानदार प्रदर्शन के बाद वह दूसरे स्थान पर पहुंच गईं और उस समय शीर्ष पर चल रही डार्या से सिर्फ 0.6 अंक पीछे थीं।

इसके बाद स्टैंडिंग के शुरुआती पांच शॉट में 50 से अधिक का स्कोर करके भारतीय निशानेबाज पहली बार बढ़त बनाने में कामयाब रहीं लेकिन डार्या ने अगली सीरीज में 51.0 का स्कोर करके पलटवार किया। इस बीच कुछ निशाने 10 अंक से चूकने के कारण प्राची कुछ समय के लिए तीसरे स्थान पर खिसक गईं जिससे पांच शॉट बाकी रहते हुए मुकाबला काफी रोमांचक हो गया।

प्राची ने हालांकि धैर्य नहीं खोजा चार बार 10 अंक के रिंग पर निशाना लगाया और डार्या को सिर्फ 0.2 अंक के मामूली अंतर से पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। जूनियर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में तीन भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई। क्वालीफाइंग में नारायण 630.9 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अभिनव शॉ 630.0 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि दिव्यांशु देवांगन ने 626.8 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया।

फाइनल में दिव्यांशु सबसे पहले बाहर होने वाले खिलाड़ी बने। उनका 24 शॉट के फाइनल में 12 शॉट के बाद स्कोर 122.4 था और वह आठवें स्थान पर रहे। इसके बाद अभिनव भी दौड़ से बाहर हो गए। नारायण ने कांस्य पदक जीता। वह 22वें शॉट के बाद साइप्रस के एचिलियास सोफोक्लियस से केवल 0.4 अंक से पीछे रह गए। उज्बेकिस्तान के जावोहिर सोखिबोव ने 251.2 अंक के साथ आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। वह सोफोक्लियस से एक अंक आगे रहे। इस बीच वंशिका चौधरी, सेजल कांबले और कनक ने भी जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने क्रमशः 579, 577 और 576 अंक हासिल किए जिससे वे तालिका में शीर्ष तीन स्थानों पर रहीं। फाइनल आज ही खेला जाएगा।

## आर्यन खान ने दोस्त की शादी में मचाई धूम, जूता चुराई रस्म में जमकर की मस्ती, वीडियो वायरल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में आर्यन एक दोस्त की शादी में शामिल हुए थे, जहां जूता चुराई की रस्म एक जबरदस्त जंग में बदल गई। यह वायरल वीडियो लग्जरी वेडिंग प्लानर जेस्ट इवेंट्स एंड वेडिंग्स ने शेयर किया है***

और यह शादी माहिर मेहता और रिया नाडकर्णी की थी। दूल्हे के सबसे अच्छे दोस्त की लिस्ट में आर्यन खान का नाम भी शामिल है। किंग खान के बेटे की ये वीडियो सभी को बहुत पसंद आ रही है, जिसमें उनका मस्तमौला अंदाज देखने को मिल रहा है।

### आर्यन खान ने जूता चुराई रस्म में मचाई धूम..

वायरल वीडियो के कैप्शन में लिखा था, 'एक ऐसी दोपहर जो प्यार, हंसी और थोड़ी-बहुत अफरा-तफरी वाली एक जबरदस्त जंग में बदल गई।' इसमें आगे लिखा था, 'चुपके से जूते चुराने, जबरदस्त मोल-भाव करने और हर कोने में गूंजती हंसी के बीच यह सिर्फ 'जूता चुराई' नहीं थी, बल्कि एक यादगार पल था जो हमेशा के लिए याद बन गया।' ऐसा लगता है कि ओरिजिनल पोस्ट को बाद में एडिट किया गया था, क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे क्लिप में आर्यन का चेहरा साफ़दिखाई दे रहा है, जबकि [illegible] द्वारा अपलोड किए गए वर्जन में ऐसा नहीं है। वीडियो में आर्यन को दूल्हे का जूता छीनकर भागते हुए देखा जा सकता है।



### आर्यन खान ने लूटी महफिल..

दोस्त की जूता चुराई रस्म में आर्यन खान को जींस और एक भूरे रंग की जैकेट पहने हुए देखा गया। ये क्लिप ऑनलाइन तेजी से वायरल हो रही है। हालांकि, एक दूसरे यूजर ने ट्वीट किया, 'आर्यन खान का ये मजेदार अंदाज देख मजा आ गया।' दूसरे ने लिखा, 'आर्यन ने सच में दिल जीत लिया.. असली दोस्त' तीसरे ने लिखा, 'मैंने आर्यन खान को पहली बार इतनी मस्ती करते देखा और सच में अच्छा लगा कि वो इतने प्यारे हैं।'

### आर्यन खान का डायरेक्टोरियल डेब्यू..

शाहरुख खान के बेटे आर्यन ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कदम रख दिया। आर्यन खान ने एक्टर के तौर पर नहीं, बल्कि कैमरे के पीछे एक क्रिएटर के तौर पर। उन्होंने नेटफ्लिक्स सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से अपने डायरेक्शन करियर की शुरुआत की। यह एक सटायरिकल ड्रामा है जो हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के उतार-चढ़ावों को दिखाता है।

## भारत और पाकिस्तान के बीच नहीं होगी टक्कर

## टूर्नामेंट के शेड्यूल का हुआ ऐलान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारत और पाकिस्तान मैदान पर एक-दूसरे के खिलाफ खेलते नजर नहीं आएंगे। दरअसल, दोनों देशों के बीच जारी राजनीतिक तनाव का असर अब खेल के मैदान तक पहुंच गया है। भारत में होने वाली महिला फुटबॉल चैंपियनशिप से पाकिस्तान के बाहर होने की खबर ने खेल जगत में हलचल मचा दी है।***

पाकिस्तान की महिला फुटबॉल टीम **SAFF** वूमेन्स चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाएगी, जो गोवा में 25 मई से 7 जून तक आयोजित होनी है। पाकिस्तानी फुटबॉल अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है कि टीम को भारत आने की अनुमति नहीं मिली। पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन के प्रवक्ता ने अल जजीरा से कहा कि हमें संबंधित अधिकारियों द्वारा एनओसी यानी नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है।

दरअसल, किसी भी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों और टीमों को अपनी सरकार से यात्रा की मंजूरी लेनी होती है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों के कारण दोनों देशों के खिलाड़ियों के लिए सीमा पार यात्रा मुश्किल बनी हुई है।



### गोवा में होगा टूर्नामेंट का आयोजन..

टूर्नामेंट के शेड्यूल में भी पाकिस्तान का नाम शामिल नहीं किया गया है। इस 6 टीमों के टूर्नामेंट में ग्रुप-ए में नेपाल, भूटान और श्रीलंका हैं, जबकि मेजबान भारत ग्रुप-बी में मालदीव और डिफेंडिंग चैंपियन बांग्लादेश के साथ रखा गया है। यह टूर्नामेंट गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां पहले भी मेन्स कैटेगिरी के मुकाबले आयोजित हो चुके हैं।

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच दशकों पुराना तनाव रहा है। मई 2025 में दोनों देशों के बीच चार दिनों तक सीमा पर संघर्ष भी हुआ था, जिससे रिश्ते और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए। अब उसी का असर खेल प्रतियोगिताओं पर भी साफ नजर आ रहा है।


### दूसरी बार मिली मेजबानी..

भारत दूसरी बार साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन यानी [illegible] वूमेन्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2016 में सिलीगुड़ी में टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था, जहां भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना चौथा खिताब अपने नाम किया था। इस बार मेजबानी की जिम्मेदारी गोवा को मिली है, जो दूसरी बार **SAFF** टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले 1999 में यहां मेन्स सैफ चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। उस टूर्नामेंट का फाइनल भी गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला गया था, जहां भारत ने बांग्लादेश को हराकर खिताब जीता था।

## मौत के बाद हरियाणवी एक्ट्रेस का आखिरी पोस्ट वायरल, 30 की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हरियाणवी एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर दिव्यांका सिरोही का मंगलवार, 21 अप्रैल को 30 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह अपने लोकप्रिय म्यूजिक वीडियो के लिए जानी जाती थी***



और उनकी सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। रिपोर्ट्स के अनुसार दिव्यांका को दिल का दौरा पड़ा था और उनका अंतिम संस्कार उनके भाई हिमांशु सिरोही ने किया। दिव्यांका सिरोही की मौत के बाद अब उनका आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने ब्लू कलर का लहंगा चोली पहना हुआ है।

### दिव्यांका सिरोही का आखिरी पोस्ट वायरल..

हरियाणवी एक्ट्रेस की आखिरी पोस्ट उनका एक डांस वीडियो है, जिसमें वह 'बरसाना मिला है' गाने पर झूमती दिख रही है। इसमें वो ब्लू फ्लोरल प्रिंट वाला व्हाइट लहंगा-चोली पहने नजर आ रही हैं। उनका ये स्लो मोशन वीडियो अपने गने की वजह से छाया हुआ है, जो बी प्राक, अफसाना खान, मीर देसाई का है। अब इसी पोस्ट के कमेंट सेक्शन में दिव्यांका की अचानक मौत पर लोग शोक व्यक्त कर रहे हैं। सभी उनकी आत्मा की शांति की दुआ कर रहे हैं।

### दिव्यांका सिरोही कौन हैं?

19 नवंबर, 1996 को जन्मी इस एक्ट्रेस ने मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से **BCA** किया और बाद में सिक्किम से **MBA** की डिग्री हासिल की। उनके परिवार में उनके भाई हिमांशु और बहनें दीपांशु और जसमीत हैं। उस समय दिव्यांका गाजियाबाद में अपने परिवार के साथ रह रही थीं। दिव्यांका 50 से ज्यादा हरियाणवी गानों में नजर आईं और उन्होंने इस इंडस्ट्री के कई बड़े नामों जैसे मासूम शर्मा, अमित सैनी रोहतकिया और ऋष्ठ के साथ स्क्रीन शेयर की। वह हरियाणवी संगीत के दर्शकों के बीच एक जाना-पहचाना चेहरा थी।

### दिव्यांका सिरोही कैसे हुई मशहूर..

टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में दिव्यांका ने अपने करियर और एक्टिंग के जुनून के बारे में बात करते हुए कहा था, 'मुझे बचपन से ही एक्टिंग और डांस का जुनून था। दिवाली के आस-पास मैंने एक नीले रंग का सूट पहनकर **TikTok** पर पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा के गाने 'मेरी मम्मी नू पसंद नी तू' पर एक वीडियो बनाया, जो मेरे हाव-भाव की वजह से वायरल हो गया। उस वीडियो को लगभग 20 मिलियन व्यूज मिले। उसके बाद **TikTok** पर मेरे फॉलोअर्स की संख्या 5 मिलियन हो गई।'

## मशहूर नहीं हुआ हूं, मैं वैसा ही बने रहने की कोशिश कर रहा हूं जैसा मैं पहले था: हिंगे..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार पदार्पण से अचानक मिली शोहरत से प्रफुल हिंगे में जरा भी बदलाव नहीं आया है और सनराइजर्स हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज का मानना है कि उन्होंने अपने करियर में अभी शुरूआत ही की है।***

हाल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में हिंगे ने अपने पहले दो ओवरों में ही वैभव सूर्यवंशी, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग और ध्रुव जुरेल को आउट कर दिया। उनके चार विकेटों की बदौलत सनराइजर्स ने 57 रन से जीत दर्ज की। हिंगे ने कहा कि वह इस प्रदर्शन से बिल्कुल भी अभिभूत नहीं हुए। हिंगे ने 'जियोस्टार' प्रेस रूम में पत्रकारों से कहा, 'मैंने सोचा था कि मैं दर्शकों के शोर को अपने दिमाग से निकाल दूं। मैं जितना हो सके शांत रहना चाहता था। मैंने नेट्स में भी बहुत ज्याद गेंदबाजी की थी। इसलिए मुझे मैच में उन सभी चीजों को ठीक वैसे ही करना था। जब मैंने ऐसा किया तो मुझे सच में बहुत अच्छा लगा।' इस शानदार गेंदबाजी के बाद वह रातों-रात सोशल मीडिया पर सबके चहेते बन गए लेकिन इससे हिंगे जरा भी नहीं बदले हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैं बदल गया हूं। मुझे अभी भी बहुत कुछ करना है क्योंकि यह तो बस शुरुआत है। इसलिए मैं चीजों को जितना हो सके उतना आसान रखता हूं। मैं वैसा ही बने रहने की कोशिश कर रहा हूं जैसा मैं पहले था।' हिंगे ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं मशहूर हो गया हूं। ऐसा हर किसी की जिंदगी में होता है। अगर आप कोशिश करते हैं, अगर आप कड़ी मेहनत करते रहते हैं और अगर आपको मौका मिलता है तो आपको अपना शत प्रतिशत देना चाहिए। मेरे साथ भी यही हुआ और यह बहुत अच्छी शुरुआत थी।' शानदार फॉर्म में चल रहे सूर्यवंशी का विकेट लेने के लिए उनकी सबसे ज्यादा तारीफ मिली। हिंगे ने अपनी रणनीति के बारे में बताते हुए कहा, 'मैंने उसके साथ अंडर-23 का एक मैच खेला था। मैंने उसे एक बाउंसर डालकर आउट किया था। इसलिए मैंने सोचा कि अगर मैं ऐसी ही गेंद डालूंगा तो वह उस पर शॉट लगाएगा। मैंने सोचा कि मुझे उसे एक 'बैक ऑफ द लेंथ' गेंद डालनी चाहिए और उसने उसे मारने की कोशिश की, लेकिन मार नहीं पाया। चौबीस साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद के नेट्स में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बड़े खिलाड़ियों को गेंदबाजी करने से उन्हें अपने पदार्पण से पहले आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'यह उनके खेलने का तरीका है। वे हर गेंद पर शॉट लगाते हैं। हमारी टीम ऐसी ही है और नेट्स में भी उनका यही रवैया रहता है। इसलिए अभिषेक, ईशान और क्लासेन के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए मैं इस तरह की स्थितियों का आदी हो गया हूं। निश्चित रूप से वे छक्के तो मारेंगे ही। इसलिए मैं भी अपनी सबसे अच्छी गेंद डालने की कोशिश करता हूं।'विदर्भ के इस तेज गेंदबाज ने चेन्नई में 'एमआरएफ पेस अकादमी' के ट्रेनर का भी शुक्रिया अदा किया जिसकी अगुवाई ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्लेन मैकग्रा करते हैं। इस अकादमी ने उनके शुरुआती विकास में अहम भूमिका निभाई।

हिंगे ने भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन की भी खास तौर पर तारीफकी जिनके साथ उन्होंने काफी काम किया है। उन्होंने कहा, 'वह खुद एक तेज गेंदबाज हैं इसलिए वह दूसरे तेज गेंदबाजों की मानसिकता को अच्छी तरह समझते हैं। तेज गेंदबाजों के बीच आपसी समझ काफी अच्छी होती है और वह उन्हीं चीजों पर काम करते हैं जो मुझे सही लगती हैं। वह मुझे कोई भी ऐसी बात नहीं बताते जो बहुत ही असाधारण हो।'




## 'मेरे पास मरने के अलावा कोई रास्ता नहीं', मुश्किल हालात में प्रोड्यूसर मुरली, शेयर किया परेशान कर देने वाला वीडियो..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मलयालम फिल्मों के प्रोड्यूसर मुरली कुन्नुमपुराथ एक बार फिर चर्चा में हैं। मुरली 2021 में रिलीज हुई 'वेल्लम' के बाद सुर्खियों में छाए थे, जो उन्हीं की जिंदगी पर बनी थी। जयसूर्या स्टारर इस फिल्म को खूब पसंद किया गया था। अब मुरली अपने एक वीडियो को लेकर चर्चा में हैं,***

जिसमें वह इंडस्ट्री की पोल खोलते और अपने ऊपर टूटे मुसीबतों के पहाड़ के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में मुरली काफी परेशान लग रहे हैं और अपनी तंगहाली के बारे में बता रहे हैं। मुरली ने वीडियो में इंडस्ट्री के लोगों से मिले धोखे के बारे में भी बताया है, जिसने उनका दिल तोड़ दिया है। इस वीडियो में वह राइटर अभिलाष पिल्लई और डायरेक्टर विष्णु शशि शंकर पर भी गंभीर आरोप लगाते दिखे और कहा कि ये दोनों भरोसे के लायक नहीं हैं।

### गंभीर चुनौतियों का सामना करके आगे बढ़े मुरली..

मुरली ने 'वेल्लम' फिल्म के बारे में भी बात की, जो उनके जीवन पर बनी है। फिल्म में दिखाया गया है कि मुरली कभी शराब की लत में डूबे हुए थे, बाद में उन्होंने अपनी जिंदगी को पूरी तरह से बदला और सफल व्यवसायी बने। हालांकि, मुरली का कहना है कि पर्दे पर उनकी जो छवि दिखाई गई है, वह असल जिंदगी में वैसे नहीं हैं। उन्होंने बताया कि वह आज भी कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।



### मुरली की आपबीती..

मुरली ने फेसबुक में एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह कहते हैं, 'मुझे लगता है, आप लोगों में से ज्यादातर लोग मुझे जानते होंगे। जिन्होंने भी वेल्लम फिल्म देखी है, उस फिल्म में जो कुछ दिखाया गया था, वो सिर्फ सिनेमा के लिए था। मेरी असल जिंदगी इससे बहुत अलग है। मैं एक आम इंसान हूं। मगर अब जिंदगी थम सी गई है और इसीलिए मैंने ये वीडियो बनाने का फैसला लिया है। मैं दुबई, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका में टाइल्स बेचता था, लेकिन कई मलयाली लोगों ने पैसे नहीं चुकाए। व्यापार में कभी लोगों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। मुझे भरोसे के चलते नुकसान उठाना पड़ा। अब मैं बहुत कर्जे में हूं।'

### फिल्म प्रोड्यूसर बनने पर भी हुई मुश्किलें

मुरली कुन्नुमपुराथ आगे बताते हैं कि उन्होंने उन्नी वेल्लोरा और विजेश पनाथूर की सलाह पर फिल्म 'नधिकलिल सुंदरी यमुना' का निर्माण किया था, जिसके चलते उन्हें लगभग 2 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा। इसके बाद आई अगली फिल्म 'सुमति वलवु' ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दीं। इस फिल्म का निर्देशन विष्णु शशि शंकर ने किया था और कहानी अभिलाष पिल्लई ने लिखी थी।

### 'मरने के अलावा कोई और चारा नहीं बचा'-मुरली..

मुरली कहते हैं, फिल्म 'सुमति वलवु' पर मुझे पूरा भरोसा था। उम्मीद थी कि ये फिल्म जबरदस्त कामयाब होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब मेरी पूरी पूंजी और जिंदगी मेरे हाथों से निकल चुकी है। ऐसा लग रहा है कि जैसे मरने के अलावा अब मेरे पास कोई और चारा नहीं है। इस फिल्म के चलते मुझे लगभग 7 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा। अभिलाष पिल्लई और विष्णु... इन पर भरोसा मत करना। विष्णु को तो दिशा का भी ज्ञान नहीं है। ये सब धोखेबाज हैं और मुझे लगता है कि ये बात सभी को पता होनी चाहिए। इन सबने मुझे धोखा दिया है और मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी है। भगवान इन्हें माफ करे।'

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# आरबीआई ने फरवरी में हाजिर बाजार से 7.41 अरब डॉलर खरीदे: बुलेटिन..

मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी में हाजिर मुद्रा बाजार से शुद्ध रूप से 7.41 अरब डॉलर खरीदे। बृहस्पतिवार को जारी मासिक बुलेटिन के अनुसार सकल आधार पर केंद्रीय***



बैंक ने फरवरी में 21.40 अरब डॉलर खरीदे और 13.994 अरब डॉलर बेचे। लगातार सात महीनों तक विदेशी मुद्रा की शुद्ध बिक्री करने के बाद, यह लगातार दूसरा महीना है जब केंद्रीय बैंक ने शुद्ध खरीदारी की है। आरबीआई के मासिक बुलेटिन के आंकड़ों के अनुसार जनवरी में केंद्रीय बैंक ने 2.53 अरब डॉलर खरीदे थे।

आंकड़ों के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने दिसंबर में 10.02 अरब डॉलर, नवंबर में 9.71 अरब डॉलर, अक्टूबर में 11.88 अरब डॉलर, सितंबर में 7.91 अरब डॉलर, अगस्त में 7.69 अरब डॉलर, जुलाई में 2.54 अरब डॉलर और जून में 3.66 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की थी।

आरबीआई ने बुलेटिन में कहा कि फरवरी 2026 की शुरुआत में अंतरिम भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा के चलते रुपया मजबूत हुआ, लेकिन मार्च में पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होने के कारण इसमें गिरावट आई। आरबीआई ने कहा कि हालांकि दूसरी छमाही में निहित विकल्प अस्थिरता पहली छमाही की तुलना में औसत रूप से कम रही, लेकिन पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और जोखिम न लेने की धारणा के कारण यह उच्च बनी रही। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 6.2 प्रतिशत कमजोर हुआ। आरबीआई ने कहा कि 40 मुद्राओं के वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आरईईआर) के संदर्भ में सितंबर 2025 और फरवरी 2026 के बीच रुपये में 3.3 प्रतिशत की गिरावट आई।

# ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य में पकड़े जहाज, चालक दल में भारतीय नाविक शामिल..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास समुद्री तनाव के ताजा मामले में ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए एक जहाज के चालक दल में एक भारतीय नाविक शामिल है।***



पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी सेना द्वारा जिन तीन विदेशी ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाजों पर गोलीबारी की गई थी, उनमें से दो जहाजों पर 22 भारतीय नाविक सवार थे। उन्होंने कहा, ''दोनों जहाजों पर सवार सभी नाविक सुरक्षित हैं।'' तीसरे जहाज पर कोई भारतीय सवार नहीं था।

ईरान ने बुधवार को जलडमरूमध्य से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे दो विदेशी कंटेनर जहाजों को पकड़ लिया और तीसरे पर फायरिंग की। यह कार्रवाई ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी और ईरानी ध्वज वाले जहाजों को पकड़े जाने के जवाब में की गई है।

ईरानी सुरक्षा बलों ने 'फ्रांसेस्का' और 'एपापिनोंडास' नामक जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया है। फ्रांसेस्का पर कोई भारतीय नहीं है, जबकि एपापिनोंडास पर सवार 21 सदस्यीय चालक दल में एक भारतीय शामिल है। पनामा के ध्वज वाला तीसरा कंटेनर जहाज 'यूफोरिया' है, जिस पर 21 भारतीय नाविक सवार हैं। मंगल ने कहा, ''वे सभी सुरक्षित हैं।''

एपापिनोंडास पनामा के ध्वज वाला जहाज है, जिसमें अधिकतर यूक्रेन और फिलीपीन के नागरिक हैं और यह भारत आ रहा था। मंगल ने बताया, ''हमने संबंधित अधिकारियों से बात की है और वह (एपापिनोंडास पर सवार भारतीय नाविक) सुरक्षित है।'' उन्होंने बताया कि एपापिनोंडास और फ्रांसेस्का फारस की खाड़ी के पश्चिमी हिस्से में हैं, जिसका अर्थ है कि वे ईरानी जलक्षेत्र में और ईरानी सुरक्षा बलों के नियंत्रण में हैं। वहीं, 21 भारतीय नाविकों वाला तीसरा जहाज यूफोरिया पूर्वी हिस्से में था, यानी वह युद्ध क्षेत्र से बाहर निकल चुका है।

मंगल ने सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि जहाज कब्जे में लिए गए हैं, बल्कि स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, ''अब आप खुद समझ सकते हैं कि कौन सा जहाज कहां है।'' तेहरान का कहना है कि इन जहाजों ने पारगमन नियमों का उल्लंघन किया या चेतावनियों को नजरअंदाज किया, जबकि समुद्री सूत्रों ने संकेत दिया है कि कम से कम एक जहाज के पास पहले से मंजूरी थी। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा फर्म वेंगार्ड टेक ने कहा कि जिस जहाज पर गोलीबारी की गई, वह लाइबेरिया के ध्वज के साथ चल रहा था और उसे जलमार्ग से गुजरने के लिए अधिकृत किया गया था।

# दिल्ली में सोना 900 रुपये टूटा, चांदी 5,300 रुपये लुढ़की..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही वहीं कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच चांदी 5,300 रुपये लुढ़ककर 2.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।***



पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900 रुपये टूटकर 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। चांदी की कीमत 5,300 रुपये टूटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही, जो बुधवार के बंद भाव 2,55,300 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि मजबूत डॉलर और तेल की बढ़ती कीमतों ने बाजार की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी लगभग दो प्रतिशत टूटकर 76.37 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना मामूली गिरावट के साथ 4,738.40 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

गांधी ने कहा, ''अमेरिका-ईरान वार्ता में सीमित प्रगति और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव के कारण बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। गिरावट को और बढ़ाते हुए, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल भी थोड़ी बढ़ गई। 10-वर्षीय प्रतिफल लगभग 0.03 प्रतिशत बढ़कर 4.32 प्रतिशत हो गया, जिससे सोने जैसी सुरक्षित-निवेश संपत्तियों का आकर्षण और कम हुआ।''

# जयपुर में होगा 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट'

जयपुर, (भाषा)।

***राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर में 23 से 25 मई तक 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट' (ग्राम)-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों, विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और निवेशकों को एक मंच पर लाना है।***

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में आयोजित ग्राम-2026 निवेशक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। शर्मा ने कहा कि यह आयोजन आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने और उनकी आय बढ़ाने पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा, ÷ग्राम-2026 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सशक्त किसान और समृद्ध भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा।÷

शर्मा ने निवेशकों और उद्यमियों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान देश के प्रमुख कृषि राज्यों में से एक है और बाजरा, सरसों, तिलहन, जौ, ग्वार, इसबगोल और जीरे जैसी फसलों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि राज्य में खाद्य प्रसंस्करण, स्पाइस पार्क और कृषि-निर्यात के क्षेत्र में बड़े अवसर उपलब्ध हैं और सरकार निवेश-अनुकूल परिवेश देने के लिए प्रतिबद्ध है।




शर्मा ने बताया कि 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के दौरान कृषि क्षेत्र में लगभग 44,000 करोड़ रुपये के समझौते हुए थे, जिनमें से 9,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं पहले ही जमीन पर उतारी जा चुकी हैं। ग्राम-2026 इस निवेश यात्रा को आगे बढ़ाएगा।

सरकारी पहलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य में 65,000 से अधिक सोलर पंप सेट लगाए गए हैं, जिन पर 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दी गई है। इससे किसानों की बिजली लागत कम हुई है और उत्पादकता बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रसंस्करण इकाइयों, वेयरहाउसिंग, डेयरी, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसी सहायक गतिविधियों पर भी ध्यान दे रही है ताकि किसानों की आय बढ़ाई जा सके। राज्य में 1,500 से अधिक कृषि प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की गई हैं और फूड पार्क के लिए भूमि भी चिन्हित की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत देश में सबसे ज्यादा 2 करोड़ 19 लाख पॉलिसी जारी की गई हैं तथा 6 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक के दावे वितरित किए गए हैं। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए कृषि को लाभकारी बनाना आवश्यक है और राजस्थान के नवाचार प्रयासों की सराहना की।

राज्य के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने बताया कि ग्राम-2026 के तहत अहमदाबाद, हैदराबाद और पुणे जैसे शहरों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि नई कृषि तकनीकों के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन में विशेष सत्र, चर्चाएं होंगी जिनमें महिला उद्यमिता और कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें वैज्ञानिकों, उद्योग जगत के नेताओं और किसानों की भागीदारी होगी।

# गेहूं खरीद अबतक 11 प्रतिशत घटकर 148 लाख टन

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकारी एजेंसियों ने मौजूदा रबी विपणन सत्र में 148 लाख टन गेहूं की खरीद की है। यह पिछले साल की इसी अवधि में की गई खरीद की तुलना में 11.37 प्रतिशत कम है। इस गिरावट का मुख्य कारण मंडियों में फसल की देर से हुई आवक है।***



खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पिछले साल की इसी अवधि में यह खरीद 167 लाख टन रही थी। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियां न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीद करती हैं। गेहूं की खरीद मार्च से अप्रैल तक चलती है, जिसमें अनाज का अधिकांश हिस्सा पहले तीन महीनों में खरीदा जाता है।

अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''खरीद में कमी का कारण मंडियों में फसल की देर से आवक है। अब खरीद की गति बढ़ रही है।'' अधिकारी ने बताया कि विशेष रूप से चमक में कमी और टूटे हुए दानों के मामले में खरीद के नियमों में ढील पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश तक बढ़ाई गई है, क्योंकि इन राज्यों में फसल बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित हुई थी।

ताजा आंकड़ों के अनुसार, 22 अप्रैल तक पंजाब में गेहूं की खरीद 67 लाख टन रही, जो पिछले साल की इसी अवधि के 49 लाख टन से अधिक है। हरियाणा में यह आंकड़ा 53 लाख टन के मुकाबले 61 लाख टन दर्ज किया गया।

हालांकि, मध्य प्रदेश में खरीद 52 लाख टन से घटकर 10 लाख टन रह गई, जबकि राजस्थान ने पिछले साल की इसी अवधि के 7.8 लाख टन के मुकाबले पांच लाख टन गेहूं की खरीद की। अधिकारी ने कहा कि भंडारण को लेकर कोई चिंता नहीं है, क्योंकि राज्य सरकारों ने इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के लिए गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

# मांग प्रभावित रहने से अधिकांश तेल - तिलहन में गिरावट..

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***धन की कमी से जूझ रहे आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर की जाने वाली बिकवाली तथा मांग प्रभावित रहने के बीच देश के बाजार में बृहस्पतिवार को अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट दिखाई दी।***



बाजार सूत्रों ने कहा कि मांग कमजोर रहने की वजह से सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट रही जबकि महाराष्ट्र में कमजोर आवक और सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (तेल रहित खल या डीओसी) की मांग बढ़ने से सोयाबीन तिलहन कीमतें मजबूत दिखीं। सुस्त कामकाज के बीच बिनौला तेल कीमतें स्थिर रहीं।

मलेशिया एक्सचेंज में पहले आई गिरावट के बाद फिलहाल सुधार चल रहा है जबकि शिकागो एक्सचेंज बुधवार रात मजबूत बंद हुआ था और अभी यहां घट-बढ़ का रुख है।

बाजार सूत्रों ने बताया कि आयातकों को सोयाबीन डीगम तेल के आयात की लागत लगभग 128 रुपये किलो बैठता है जबकि धन की तंगी के कारण वे इस तेल को लगभग 124 रुपये किलो के भाव बेच रहे हैं। इस कम दाम पर बिक्री के कारण सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट है। इस गिरावट के असर से पाम-पामोलीन तेल के दाम में भी गिरावट है।

उन्होंने कहा कि कमजोर बाजार धारणा तथा बड़ी तेल मिलों द्वारा सरसों का खरीद दाम कम लगाने की वजह से सरसों तेल-तिलहन कीमतों में भी गिरावट है।

सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र में सोयाबीन की आवक कम है और सोयाबीन डीओसी की अच्छी मांग है जिस कारण से सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार दिखा। सुस्त कामकाज के बीच बिनौला तेल स्थिर बना रहा।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे :

सरसों तिलहन - 6,725-6,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,725-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,950 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,525-2,825 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 13,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,340-2,440 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,340-2,485 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,350 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,850 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,300 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,100 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,050-6,100 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 5,700-5,775 रुपये प्रति क्विंटल।

# टाटा कैपिटल का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 1,502 करोड़ रुपये..

मुंबई, (भाषा)।

***गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 1,502 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में जारी***




संकट से जुड़े जोखिमों को देखते हुए वह सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण वितरण में अतिरिक्त सावधानी बरत रही है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,052 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था, जबकि 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में टाटा कैपिटल का शुद्ध लाभ 1,257 करोड़ रुपये था।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की शुद्ध ब्याज आय 3,477 करोड़ रुपये रही। प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति 29 प्रतिशत बढ़कर 86,653 करोड़ रुपये हो गई, जबकि शुद्ध ब्याज मार्जिन 5.2 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव सभरवाल ने कहा कि कंपनी खुदरा असुरक्षित ऋण और किफायती आवास जैसे अधिक लाभ देने वाले उत्पादों पर ध्यान देकर शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़ाने का लक्ष्य रख रही है। परिसंपत्ति गुणवत्ता के लिहाज से सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात घटकर मार्च तिमाही के अंत में दो प्रतिशत रह गया, जो वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में 2.2 प्रतिशत था।



जग प्रेरणा

# देश विदेश



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## पाकिस्तान में कांगो वायरस की दस्तक, कराची में एक किशोर की हुई मौत; मचा हड़कंप..

डेस्क जगप्रेरणा।

***पाकिस्तान में कांगो वायरस की दस्तक से हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को पाकिस्तान के कराची शहर के एक अस्पताल में कांगो वायरस से संक्रमित होने के बाद 17 साल के एक लड़के की मौत हो गई। इस साल इस बीमारी का यह पहला पुष्ट मामला है।***

सिंध संक्रामक रोग अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ अब्दुल वाहिद राजपूत ने कहा कि लड़के को तेज बुखार के साथ अस्पताल लाया गया था जिसकी मौत हो गई है।

### मरीज में दिखे थे लक्षण..

डॉ अब्दुल वाहिद राजपूत ने कहा, 'लड़के के खून के नमूने लिए गए थे और जांच के लिए आगा खान यूनिवर्सिटी अस्पताल भेजे गए थे। मरीज में कांगो वायरस की पुष्टि होने के बाद उसे आगे के इलाज के लिए मंगलवार को संक्रामक रोग अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था।' राजपूत ने बताया कि लड़का एक पशु फार्म में काम करता था,

उसमें क्रीमियन-कांगो हेमोरेजिक फीवर (CCHF) के लक्षण दिखाई दिए थे।



### कीटों से फैलता है वायरस..

कांगो वायरस कीटों से फैलने वाली वायरल बीमारी है, जो इंसानों में गंभीर हेमोरेजिक फीवर का कारण बन सकती है। यह वायरस मुख्य रूप से संक्रमित 'टिक्स' (कीटों) के काटने से फैलता है।

विशेष रूप से 'हयालोमा' प्रजाति के टिक्स से या फिर संक्रमित जानवरों के खून या ऊतकों के सीधे संपर्क में आने से फैलता है। संक्रमित शारीरिक तरल पदार्थों के संपर्क में आने से यह वायरस एक इंसान से दूसरे इंसान में भी फैल सकता है, जिससे यह और भी अधिक खतरनाक हो जाता है।

### पाकिस्तान में क्यों बढ़ी चिंता?

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कांगो वायरस से होने वाली मौत का यह पहला दर्ज मामला है, जिसने कराची के स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच चिंता पैदा कर दी है क्योंकि अगले महीने ईद-उल-अजहा का त्योहार आने वाला है। अधिकारी ने बताया कि कुर्बानी के जानवरों के विक्रेताओं के लिए पहले से ही सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिए गए हैं। इन विक्रेताओं ने कराची और उसके आसपास बड़े-बड़े पशु बाजार लगाना शुरू कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि इनमें से अधिकांश जानवरों को गांवों और ग्रामीण इलाकों में पाला-पोसा जाता है। अधिकारी ने कहा कि पशु बाजारों को निर्देश दिए गए हैं कि वो स्वास्थ्य मानकों का पालन सुनिश्चित करें, जानवरों की जांच करें और इंसानों में संक्रमण फैलने के जोखिम का आकलन करें।

## उत्तराखंड में दर्दनाक हादसा: टिहरी गढ़वाल में गहरी खाई में गिरा वाहन, 8 लोगों की मौत, अंतिम संस्कार से लौट रहे थे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले से हादसे की दर्दनाक खबर सामने आ रही है। गुरुवार को जिले के नैल-कोटी कॉलोनी मार्ग पर एक वाहन करीब 300 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई है तो वहीं, 2 लोग घायल बताए जा रहे हैं।***

जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार सभी लोग घनसाली क्षेत्र के थ्योलधार गांव के रहने वाले थे और हरिद्वार में एक अंतिम संस्कार के बाद वापस लौट रहे थे। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर शोक जताया है।

### कैसे हुआ हादसा?

टिहरी जिला प्रशासन के मुताबिक, ये हादसे तब हुआ जब चंबा ब्लॉक में चंबा-कोटी सड़क पर नाइल के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिर गया। घायलों को डीएच बौरारी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और मौके पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।



### डीएम ने दी हादसे की जानकारी..

उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में चंबा-कोटी रोड बस दुर्घटना पर डीएम नितिका खंडेलवाल ने कहा, 'प्रारंभिक जांच में लग रहा है कि चालक नींद में था जिस वजह से घटना हुई है। हमने सभी शव निकाल लिए हैं। पोस्टमार्टम जारी है।

परिजनों को सूचित कर दिया गया है।' हादसे में 8 लोगों की मृत्यु हो गई है और 2 घायल हैं। टिहरी गढ़वाल में हुए हादसे पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। उन्होंने कहा- 'जनपद टिहरी गढ़वाल के चंबा क्षेत्र अंतर्गत नैल-कोटी कॉलोनी मार्ग पर वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ।

ईश्वर से प्रार्थना है कि दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जिला प्रशासन को घायलों के उचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। बाबा केदार से घायलों के स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।'

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

## नहर किनारे मिला वृद्ध का शव, परिजनों ने की पहचान, पुलिस जांच जारी..

जगप्रेरणा लांजी।

***थाना लांजी क्षेत्र अंतर्गत एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पालडोंगरी चौक स्थित नहर के पास 22 अप्रैल को एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना डायल 112 को दी गई,***



जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। शिनाख्त नहीं होने के कारण शव को मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दुलापुर निवासी राधेश्याम चौधरी (46 वर्ष) ने पुलिस को सूचना दी कि उनके पिता महारूलाल चौधरी दहेगांव स्थित एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने 21 अप्रैल को गए थे, जिसके बाद वे घर नहीं लौटे। 23 अप्रैल को उन्हें डॉक्टर ओमप्रकाश नेवारे द्वारा फोन पर सूचना मिली कि सिविल अस्पताल लांजी की मर्चुरी में एक शव रखा है। अस्पताल3 पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान महारूलाल चौधरी के रूप में की। परिजनों के अनुसार मृतक को शराब पीने की आदत थी और वे बीपी की बीमारी से भी ग्रसित थे। आशंका जताई जा रही है कि शादी समारोह से लौटते समय अत्यधिक गर्मी, नशे की हालत और पानी की कमी के कारण वे रास्ते में ही नहर किनारे बैठ या लेट गए होंगे, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचनाकर्ता द्वारा किसी प्रकार की शंका व्यक्त नहीं किए जाने पर पुलिस ने धारा 194 बीएनएस के तहत मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक शब्बीर खान द्वारा की जा रही है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कानपुर में बुजुर्ग महिला की घर में घुसकर गला रेतकर हत्या, इलाके में फैली दहशत..



डेस्क जगप्रेरणा।

***कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। पनकी रोड चौकी के अंतर्गत आवास विकास इलाके में दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला की उनके घर के भीतर ही हत्या कर दी गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मामला लूट के विरोध से जुड़ा बताया जा रहा है।***

भीषण गर्मी और दोपहर के सन्नाटे का फायदा उठाकर बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीमें मौके पर पहुंच गई हैं।

### सन्नाटे का फायदा उठाकर दी मौत..

आज दोपहर जब पूरा शहर भीषण गर्मी के कारण घरों में कैद था और सड़कों पर सन्नाटा पसरा था, तभी अपराधियों ने आवास विकास स्थित एक मकान को निशाना बनाया। मृतका घर में अकेली थीं। बताया जा रहा है कि घर में काम करने वाली मेड (नौकरानी) के जाने के महज आधे घंटे बाद ही बदमाशों ने घर में प्रवेश किया। जब मृतका के पति, जो कि एक रिटायर्ड शिक्षक हैं, घर पहुंचे तो उन्हें इस खौफनाक वारदात की जानकारी हुई।

घर का सामान बिखरा पड़ा था और महिला का शव लहुलुहान हालत में मिला। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

### पुलिस की कार्रवाई और फॉरेंसिक जांच..

घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी पश्चिम, एस. एम. कासिम आब्दी भारी पुलिस बल और एफएसएल (स्नस्रु) टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे घर को सील कर दिया है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। डीसीपी पश्चिम, एस एम क़ासिम आब्दी का बयानः ÷महिला घर पर अकेली थीं और प्रथम दृष्टया यह लूट के इरादे से की गई हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। हमने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। इलाके के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

### अकेलेपन का फायदा उठा रहे अपराधी..

इस घटना ने एक बार फिर शहर में अकेले रह रहे बुजुर्गों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, मृतका के तीनों बच्चे शहर से बाहर नौकरी करते हैं। घर में केवल बुजुर्ग दंपति ही रहते थे। अपराधियों ने संभवतः पहले से ही रेकी की थी और उन्हें पता था कि नौकरानी के जाने के बाद महिला घर में बिल्कुल अकेली होंगी।

### जांच के घेरे में कौन?

पुलिस आसपास के घरों और रास्तों पर लगे कैमरों की जांच कर रही है ताकि संदिग्धों की पहचान हो सके। नौकरानी के जाने के ठीक आधे घंटे बाद वारदात होना किसी जानकार की संलिप्तता की ओर भी इशारा कर रहा है। मौके से फिंगरप्रिंट्स और अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए हैं। कानपुर पुलिस के लिए यह मामला एक बड़ी चुनौती बन गया है। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पॉश इलाके के निवासियों में भारी रोष और डर का माहौल है। अब देखना यह है कि पुलिस इन शातिर अपराधियों तक कब तक पहुंच पाती है।

## जबलपुर में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, संपत्ति विवाद का संदेह..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर में निर्माण कार्य और संपत्ति के लेन-देन में शामिल 32 वर्षीय एक व्यक्ति की बृहस्पतिवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।***



पुलिस अधीक्षक(नगर) सतीश कुमार साहू ने संवाददाताओं को बताया कि यह वारदात संजय नगर में शिव शक्ति तिराहा के पास सुबह करीब आठ बजे हुई और उस समय क्लेरेंस एटकिंस अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि दो नकाबपोश युवक मोटरसाइकिल से उनके पास आए और उनके सिर पर नजदीक से गोली मारकर मौके से फरार हो गए।

अधिकारी ने बताया कि एटकिंस को अस्पताल ले जाया गया और फिर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान दोपहर में उनकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने आसपास लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड तस्वीरों का विश्लेषण किया और कुछ संदिग्धों की पहचान की है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम ने शहर से बाहर जाने वाले मार्गों की भी जांच की लेकिन हत्यारे अब भी फरार हैं। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए पुलिस ने कहा कि रायपुर में एक भूमि सौदे से जुड़े विवाद के कारण संभवतः इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया होगा।

उन्होंने बताया कि एटकिंस एक सिविल इंजीनियर थे और निर्माण कार्य और संपत्ति के कारोबार से जुड़े थे। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस सभी कोणों से जांच कर रही है और मामले के सिलसिले में एक पिता-पुत्र को जांच के दायरे में लाया गया है।

## दूसरी शादी के बाद पहली पत्नी से अमानवीय बर्ताव, पति गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में एक व्यक्ति को अपनी 30 वर्षीय पत्नी के साथ अमानवीय बर्ताव करने और नग्न अवस्था में उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) उमाकांत चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जिले के एक गांव में आरोपी ने मंगलवार (21 अप्रैल) को अपनी पत्नी का नग्न अवस्था में वीडियो बनाया और इसे सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला के मायके पक्ष की शिकायत पर मानपुर थाने में उसके पति, सास और पति की दूसरी पत्नी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

चौधरी ने बताया, 'पुलिस ने पीड़ित महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के दौरान आरोपियों ने महिला के सिर के बाल काट दिए और उसका यौन उत्पीड़न भी किया।' उन्होंने बताया कि आरोपी की दूसरी शादी के बाद से पहली पत्नी के साथ उसका पारिवारिक कलह चल रही थी। डीएसपी ने बताया कि पीड़ित महिला की मेडिकल जांच कराई गई है और घटना की विस्तृत जांच जारी है। यह घटना महू विधानसभा क्षेत्र में हुई।

महू की विधायक और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश प्रवक्ता उषा ठाकुर ने कहा,''इस घटना के बारे में जानकर सबकी आत्मा कांप गई है। घटना के लिए नरपिशाची मानसिकता जिम्मेदार है। कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मेरा बस चले, तो मैं दोषी को फांसी दे दूं।''

## दिल्ली के बुराड़ी में तीन नाबालिगों ने युवक की चाकू घोंपकर हत्या की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)


***उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में विवाद के बाद तीन नाबालिग लड़कों ने कथित तौर पर चाकू से वार कर 22 वर्षीय युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने यह बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।***




मृतक के परिवार ने आरोप लगाया है कि हाल में पीड़ित का इन तीनों लड़कों में से एक के साथ झगड़ा हुआ था। पुलिस ने कहा कि तीनों नाबालिग लड़कों को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात करीब 8.50 बजे पीसीआर को सूचित किया गया कि कमल विहार के पास नाबालिग लड़कों ने एक व्यक्ति को चाकू मार दिया है। पुलिस की एक टीम वेस्ट कमल विहार की गली नंबर 10 के पास नाला रोड पहुंची, जहां उन्हें मौके पर खून के निशान और खून से सना एक चाकू मिला। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके के निवासी पीड़ित की पहचान पंकज के तौर पर हुई है और उसे उसके रिश्तेदार पास के एक सरकारी अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

उसके परिवार में माता-पिता और एक बहन है। 'मेडिको-लीगल केस' (एमएलसी) रिपोर्ट के अनुसार, शव पर नौ घाव थे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और खून के नमूने तथा चाकू सहित अन्य साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान, पीड़ित के भाई सूरज ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई पर हमला होने की खबर सुनकर मौके पर पहुंचा था। उसने बताया कि इलाके के तीन लड़के पंकज पर चाकू से हमला कर रहे थे और भीड़ जमा होने पर वे भाग गए। उसने यह भी बताया कि घटना से दो-तीन दिन पहले पंकज का एक आरोपी के साथ झगड़ा हुआ था। पुलिस ने कहा कि कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया है, जो नाबालिग पाए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल,
ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां,
ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें,
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

मराठा स्पोर्ट्स
9284744867
9112026507
7006748047
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
भुमेश्वर धमगाये गोरेगांव
मो. 9637631171

# असहनीय होने लगी दुपहरी धूप, स्वास्थ व जीवन पर पड़ रहा प्रभाव..

## चश्मे एवं कैप की मांग बढ़ी..

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।

*असहनीय गर्मी के कारण देश के साथ जिले के कई हिस्सों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से विदर्भ के लगभग सभी मैदानी इलाकों में तापमान 41°C से 44°C के बीच दर्ज किया जा रहा है।*





भारतीय मौसम विभाग **(IMD)** ने कई राज्यों के लिए लू **(Heatwave)** का रेड अलर्ट जारी किया है। अप्रैल महीने के तीसरे सप्ताह के जाते जाते गर्मी की तपन अब असहनीय होने लगी है. गर्मी के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. गर्मी से राहत के लिए दुकानों पर चश्मे, कैप एवं गमछा खरीदी के लिए भीड़ लग रही है. गरीबों का फ्रिज माने जाने वाले मटकों की कीमत में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है।

तहसील में पिछले तीन-चार दिनों से तापमान 42डिग्री डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है. 21 अप्रैल को दोपहर 2 बजे 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 2.45 बजे 42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। सुबह 10 बजे का तापमान 37 तथा शाम 6 बजे भी इतना ही तापमान दर्ज किया गया।

गर्मी के तीखे तेवरों के कारण सुबह 11 बजे बाद मार्गों पर वीरानी देखी जा रही है, लोग शाम 6 बजे के बाद ही घरों से बाहर निकलना पसंद कर रहे हैं। मौसम के जानकारों के अनुसार तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी होने की भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही है. इस बार मई महीने में गर्मी लोगों का इम्तिहान लेगी।

### ग्रीन नेट की खरीदी..

आमगांव शहर में ग्रीन नेट की दुकानें सजी हैं. लोगों द्वारा ग्रीन नेट की खरीदी की जा रही है. इसी प्रकार कूलर दुरुस्ती की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी हुई है. इसी प्रकार आंखों की सुरक्षा के लिए गॉगल, सिर ढंकने सूती गमछा और कैप की खरीदी के लिए दुकानों पर लोगों की भीड़ लग रही है।

### शीतपेय की जमकर बिक्री..

शहर में सड़कों के किनारे नींबू पानी, गन्ना का रस, फलों का जूस, आइस्क्रीम आदि की दुकानें बड़ी संख्या में लगी हैं. शहर के मुख्य मार्ग गोंदिया रोड, देवरी रोड, कामठा मार्ग, लांजी रोड और सालेकसा रोड पर शीतपेय की दुकानें लगी हैं. शीतपेय की जमकर बिक्री हो रही है।

### बढ़ी मटकों की कीमत..

इन दिनों मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार की कमी, उपयुक्त मिट्टी की उपलब्धता नहीं होने तथा ईंधन महंगा हो जाने से मिट्टी के मटको के दाम में भारी बढ़ोत्तरी हुई है. पिछले पांच वर्षों की तुलना में इस बार भारी बढ़ोत्तरी की जानकारी है. मिट्टी के मटके बनाने वाले एक कारीगर के अनुसार ईंधन के दाम में वृद्धि तथा मिट्टी खर्च बढ़ जाने से मटका, सुराई आदि के दाम बढ़ाना मजबूरी हो गया है.

### कूलर का बाजार गर्म..

गर्मी से राहत के लिए कूलर में खस बदली जा रही है. पिछले 10 वर्षों से कूलर की खस बनाने वाले जामखारी निवासी जागेश्वर सोनवाने ने बताया कि पहले कूलर की खस साधारण बनाई जाती थी. जिससे वह जल्दी खराब हो जाती थी. इस कारण अब खस के चहुंओर प्लास्टिक लगाया जाता है।

# सालेकसा में धर्मवीर ओपन प्रीमियर लीग का शानदार आगाज हुआ..

जगप्रेरणा सालेकसा।

*17 अप्रैल, 2026* **SSS** *क्रिकेट क्लब द्वारा ऑर्गनाइज़ किए गए ग्रैंड नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट, धर्मवीर ओपन प्रीमियर लीग का उद्घाटन जोश भरे माहौल में हुआ।*





सहस्त्रंभाऊ कोरोटे प्रोग्राम के चेयरमैन के तौर पर मौजूद थे और उन्होंने खिलाड़ियों को गाइड किया, जबकि मुकेशजी शिवहरे उद्घाटनकर्ता के तौर पर मौजूद थे।

इस मौके पर, चीफगेस्ट अर्जुनसिंहजी बैस, विजयजी फुंडे (मेयर सालेकसा), विजयजी नागपुरे (तालुका प्रमुख शिवसेना), राजूभाऊ डोनोडे (प्रेसिडेंट तालुका कांग्रेस कमेटी), योगिताताई असाटी, दुर्गाताई टेकाम, माइकलजी मेश्राम, उज्ज्वलजी बैस, तमिलजी टेंभरे (सरपंच), बडोलेजी (फाउंडर), देवराजजी चुटे (**BJP** तालुका प्रेसिडेंट), परमेशजी कांबले, विजयजी मडावी और कई दूसरे बड़े लोग मौजूद थे।

इस कॉम्पिटिशन की खास बात यह है कि अर्जुन सिंहजी बैस की लीडरशिप में, स्पोर्ट्स के फील्ड में युवाओं को एक प्लेटफॉर्म देने की लगातार कोशिश की जा रही है। बड़े कॉम्पिटिशन के साथ-साथ, छोटे लेवल पर भी अलग-अलग कॉम्पिटिशन ऑर्गनाइज़ किए जा रहे हैं और नए खिलाड़ियों को मौके दिए जा रहे हैं, जिससे इलाके के युवाओं में जोश का माहौल है। कॉम्पिटिशन के लिए आकर्षक इनामों की घोषणा की गई है और पहला इनाम 2.50 लाख, दूसरा इनाम 1.25 लाख और तीसरा इनाम 0.75 लाख है। इस साल, कॉम्पिटिशन को बढ़ाया गया है और पूरे गोंदिया जिले, छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव और मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के खिलाड़ियों को भी हिस्सा लेने का मौका दिया गया है। इस बड़े कॉम्पिटिशन में **SSS** क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य, खिलाड़ी और खेल-प्रेमी नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। कुल मिलाकर, यह पहल ग्रामीण इलाकों के युवाओं को एक बड़ा प्लेटफॉर्म दे रही है और स्पोर्ट्स के फील्ड में एक नया जोश पैदा कर रही है।

# तिरोड़ा में फिर एक सड़क हादसा, माँ और बेटे की मौत पति घायल..

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

*शहर में सड़क हादसों में मौत का सिलसिला अविरत जारी है। आज गुरुवार, 23 अप्रैल की शाम करीब 4:45 बजे फिर एक बार सुकड़ी नाका के पास हुए*



सड़क हादसे में एक माँ और बेटे की मौत हो गई वही पिता गंभीर रूप से घायल है। **MH 35 AV 4102** नंबर की होंडा मोटर साइकिल पर सवार होकर माता पिता और बेटा गोंदिया तहसील के ग्राम कासा से नागपुर की ओर जा रहे थे। तभी तिरोड़ा के सुकड़ी नाके की टर्निंग पर उनकी मोटरसाइकिल पीछे से आ रहे ट्रक के चपेट में आ गई।

जिससे पीछे बैठी मां और बेटा गाड़ी से गिरकर ट्रक के चक्के में कुचल गए वही मोटरसाइकिल चला रहे पिता बाएं हाथ पर गिरने से सड़क पर बने डीवायडर पर गिरे। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार पिता के सर पर हेलमेट होने से उन्हें कुछ चोटें आयी लेकिन जान बच गई। जबकि माँ और बेटा ने जगह पर ही दम तोड़ दिया।

मृतकों की पहचान हंसलता चौधरी 35 वर्ष एवं तन्मय चौधरी 9 वर्ष, घायल पिता का नाम कामोस धर्मदास चौधरी उम्र 37 वर्ष सभी निवासी कासा (काटी-बिरसोला) के रूप में हुई है। कमौस चौधरी यह कासा का निवासी होकर नागपुर में परिवार सहित रहकर ठेकेदारी के काम करता था। कुछ दिन पूर्व ही परिवार में शादी समारोह होने से वह पत्नी और बच्चों सहित अपने गांव कासा आया था। एक सप्ताह रहने के बाद अपने एक बेटे को कासा में अपने पिता के पास छोड़कर वह एक बेटा और पत्नी के साथ नागपुर लौट रहा था। तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद टिप्पर चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर मृतकों की दोनों लाश को पोस्टमार्टम हेतु और जख्मी पिता को इलाज हेतु तिरोड़ा उपजिला अस्पताल लाया गया। मोटरसाइकिल को कही भी टूट फूट ना होकर अत्यंत मामूली खरोचे आयी है जिससे ट्रक द्वारा मोटरसाइकिल को पिछे से टक्कर मारने की संभावना नजर नहीं आ रही। फिर भी दुर्घटना हुई कैसे इसकी जांच और आगे की कार्रवाई पुलिस विभाग द्वारा शुरू की गई है। फरार टिप्पर और उसके चालक की तलाश जारी है तथा मामले की जांच तिरोड़ा पुलिस कर रही है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से नागरिकों में भारी रौश और डर का माहौल है। लोग मर रहे है लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि या विपक्ष का प्रतिनिधि इस संदर्भ में पुलिस विभाग या परिवहन विभाग के खिलाफ आक्रामक भूमिका लेने की भूमिका में नजर नहीं आ रहे है।

# जिले के सरकारी अस्पतालों में बेरोजगारों के लिए रोजगार का अवसर

जगप्रेरणा गोंदिया।

*जिले के बेरोजगारों के लिए रोजगार का एक अच्छा अवसर सामने आया है। जिला शल्यचिकित्सक, केटीएस सामान्य अस्पताल गोंदिया के अधीन विभिन्न उपजिला एवं ग्रामीण अस्पतालों में सफाई कार्य के लिए पदों की भर्ती की जाएगी।*

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपजिला अस्पताल तिरोडा में 3 पद, ग्रामीण अस्पताल चिचगड में 2 पद, देवरी में 3 पद, सालेकसा में 2 पद, आमगांव में 2 पद, रजेगांव में 2 पद, गोरेगांव में 2 पद, सड़क अर्जुनी में 2 पद, सौंदड में 2 पद, अर्जुनी मोरगांव में 2 पद तथा नवेगांवबांध में 2 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर दैनिक वेतन 588 निर्धारित किया गया है।

यह भर्ती बेरोजगार सेवा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक संस्थाओं से अलग-अलग प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

इसके लिए शर्त है कि संबंधित संस्था सफाई कार्य में अनुभवी हो और गोंदिया जिले में पंजीकृत हो। साथ ही संस्था के पास वाणिज्य स्थापना लाइसेंस, आयकर एवं व्यवसाय कर पंजीकरण प्रमाणपत्र, ऑडिट रिपोर्ट और रोजगार पंजीयन कार्ड होना अनिवार्य है। संस्था के पास कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए तथा वह किसी भी विभाग की काली सूची में शामिल नहीं होनी चाहिए। यह नियुक्ति 11 महीने के अनुबंध के आधार पर की जाएगी। पात्र संस्थाओं का चयन कार्यवाटप समिति द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम रहेगा।

इच्छुक और पात्र संस्थाएं अपने प्रस्ताव आवश्यक दस्तावेजों सहित सहायक आयुक्त, जिला कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र, जिला कलेक्टर कार्यालय (दूसरी मंजिल, कक्ष क्रमांक 210), गोंदिया में 30 अप्रैल 2026 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे, ऐसा संबंधित विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है।

गोंदिया में.. दैनिक
जग प्रेरणा
में समाचार एवं विज्ञापनों
के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
आशीष वर्मा (प्र.सं.)
09329033433
संजीव बापट (शहर प्रतिनिधि)
09922607145
कार्यालय - साई रोजगार, एनएमडी कॉलेज के पास, गोंदिया

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### तुने मेरे भाई को क्यो मारा पुछने पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/4/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान यादव चौक मे फर्यादी सिमा विनोद तांडी उम्र 39 वर्ष निवासी सिंधीकला अपने भाई से मिलने आयी, तो देखा की भाई को मार लगा था। उसने आरोपी क्रमांक 1 से पुछी की मेरे भाई को क्यो मारा तो आरोपी ने गालीगलौच की और आरोपी क्रमांक 2 ने आकर कहा तेरे को क्या बोलना है मेरे से बोल और लकडी की बॅट से सर पर मारकर जख्मी किया और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 336/2026 धारा 118,1,352,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा खोब्रागडे 53 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### पुराने विवाद पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/4/2026 के 12 बजे के दरम्यान कारुटोला मे फर्यादी कार्तिक अरुण रहांगडाले उम्र 28 वर्ष निवासी कारूटोला और आरोपी एक ही गाव के रहने वाले होकर घटना के समय फर्यादी अपने घर पर थे उसी समय दोनो आरोपी शराब पिकर वहा आये और पुराने विवाद पर गालीगलौच करने लगे , उसके बाद आरोपी ने कवेलु से मारकर जख्मी किया पत्नी बिचबचाव करने आयी तो उसे भी मारपीट करने से दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 230/2026 धारा 118, 1, 352, 351, 2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गुलाबदास तुरकर 1501 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

### सांप काटने से महिला की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/4/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान वैशाली राजेन्द्र ताराम उम्र 26 वर्ष निवासी कन्हळगाव को घर मे साप ने दंश किया उसे उपचार के लिये युनायटेड सुपर स्पेशालिटी अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग के कागजपत्र और डेथ सर्टिफिकेट पोस्टे आमगाव मे प्राप्त होने से पोस्टे आमगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 17/2025 धारा 194 भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच सफौ गायधने 878 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### अचानक तबीयत खराब हुवे बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/4/2026 के शाम 7 बजे फुक्कीमेटा मे कुवरलाल उदयराम नेताम उम्र 65 वर्ष निवासी सलियाटोला की अचानक तबीयत खराब हुई उसे उपचार के लिये गोंदिया अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डाक्टर के डेथ सर्टीफेकेट और मर्ग के कागजपत्र पोस्टे सालेकसा मे प्राप्त होने से पोस्टे सालेकसा मे अकस्मात मौत क्रमांक 16/2026 धारा 194 भानासूस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोना रामलाल राऊत 1910 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
Transrectric & TV Sonography
Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
Neonatologist Neurosonogram
2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
2D, 3D/4D High Resolution Sonography
2D Echo
Colour Doppler
Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## महिला आरक्षण विधेयक में रोड़ा बनने से विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता हुई उजागर..

### भाजपा की प्रेस कॉन्फ्रेंस मे महिला आरक्षण के संदर्भ मे बरसे विधायक विनोद अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष सीता रहांगडाले



जगप्रेरणा गोंदिया।

***लोकसभा में हाल ही में हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों ने महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर देश की आधी आबादी यानी महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। इन दलों ने न केवल विधेयकों का विरोध किया, बल्कि भारत की लाखों माताओं, बहनों और बेटियों की***

पीठ में खंजर घोंपा है। उनकी महिला विरोधी मानसिकता अब पूरी तरह उजागर हो गई है। यह तीखा हमला भाजपा विधायक विनोद अग्रवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष सीताताई रहांगडाले ने किया। वे आज 23 अप्रैल को शासकीय विश्राम गृह, गोंदिया में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज रहांगडाले, नरेंद्र बाजपेयी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष तुमेश्वरी बघेले, रचना गहाणे, जयंत शुक्ला, भावना कदम, धर्मिष्ठा सेंगर, चैताली नागपुरे, जि.प. सदस्य माधुरी रहांगडाले, पार्षद मैथुला बिसेन, एड. सरिता कुलकर्णी, नेहा नायक, संगीता देशमुख, शालिनी डोंगरे, शुभा भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए विधायक विनोद अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष सीता रहांगडाले ने बताया कि 16 और 17 अप्रैल को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, परिसीमन (निर्वाचन क्षेत्र पुनर्गठन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पर हुई चर्चा देश के लोकतांत्रिक भविष्य के लिए ऐतिहासिक थी। हालांकि, कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने इसका विरोध कर सामाजिक प्रगति का गला घोंटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार स्पष्ट किया है कि नीति निर्धारण में महिलाओं को हिस्सेदारी देना कोई एहसान नहीं बल्कि उनका प्राकृतिक अधिकार है। फिर भी, संकुचित राजनीतिक स्वार्थ के कारण ये दल महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रख रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में विपक्ष के हर झूठे मुद्दे को खारिज किया है। 'एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' के सिद्धांत को लागू करना ही इन विधेयकों का मुख्य उद्देश्य है। डीएमके और अन्य दलों द्वारा यह झूठा प्रचार किया जा रहा है कि निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्गठन से दक्षिण भारत को नुकसान होगा। वास्तव में, इससे किसी भी राज्य को नुकसान नहीं होगा; बल्कि दक्षिण भारत का आनुपातिक प्रतिनिधित्व सुरक्षित किया जाएगा और उसे बढ़ाया जाएगा, ऐसा गृहमंत्री ने तथ्यों के साथ स्पष्ट किया है।

भाजपा ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी जैसे दल केवल तुष्टीकरण और प्रक्रिया में देरी करने के लिए महिला आरक्षण में धर्म-आधारित आरक्षण की असंवैधानिक मांग कर रहे हैं, जिसे भारत का संविधान स्पष्ट रूप से खारिज करता है। साथ ही, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को चुनाव के डर से समर्थन देने वाले इन दलों ने वास्तव में कार्यान्वयन के समय बाधा उत्पन्न की है। शाहबानो मामले और तीन तलाक के समय महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वाले ये दल कभी भी महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व नहीं दे सकते।

आज देश की महिलाएं केवल दर्शक नहीं रहीं, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय हैं। पंचायत स्तर पर सफल नेतृत्व करने वाली लाखों महिलाएं अब संसद और विधानसभा में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इस ऐतिहासिक अवसर में देरी करने वाले अहंकारी दलों को आगामी चुनावों में महिलाओं के तीव्र रोष का सामना करना पड़ेगा और महिलाएं अपने वोट की शक्ति से उन्हें राजनीति से बाहर कर देंगी, ऐसी चेतावनी भी इस दौरान दी गई। भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तिकरण और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और महिलाओं को उनका अधिकार मिलने तक इन महिला विरोधी ताकतों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी, यह भी विधायक विनोद अग्रवाल एवं सीता राहंगडाले ने पूरी दृढ़ता से कहा।

### गोंदिया मे स्थानीय अपराध शाखा की बड़ी कार्रवाई..

## लोडेड पिस्टल के साथ शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***जिले में अवैध धंधों और हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शहर के वाजपेयी चौक इलाके से एक शातिर अपराधी को एक देशी लोडेड पिस्टल और***

दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के निर्देशानुसार, एलसीबी की टीम जब शहर में गश्त कर रही थी, तब उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि शुभम पुरुषोत्तम हरदिये (28 वर्ष), निवासी वाजपेयी चौक, अपने पास बिना लाइसेंस के पिस्टल लेकर नेहरू चौक से नए पुल की ओर घूम रहा है।

### कपड़े की दुकान में छिपाया हथियार

पुलिस को देखते ही आरोपी ने घबराकर अपने पास रखी पिस्टल को पास की एक कपड़े की दुकान में कपड़ों के ढेर के नीचे छिपा दिया। पुलिस ने जब उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो पहले उसने टालमटोल किया, लेकिन कड़ाई से पूछने पर उसने हथियार छिपाने की बात स्वीकार कर ली। गवाहों की मौजूदगी में पुलिस ने दुकान की तलाशी ली और 51,000 रुपये मूल्य की एक लोडेड देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए।

### अपराधिक रिकॉर्ड और कड़ी कार्रवाई..

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी शुभम हरदिये एक आदतन अपराधी है। उस पर पहले से ही हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट और जुआ जैसे 11 गंभीर मामले दर्ज हैं। साल 2021 में उसे 3 महीने के लिए जिले से तड़ीपार किया गया था। साल 2024 में उसे एमपीडीए के तहत एक साल के लिए जेल भी भेजा गया था, परंतु उसकी आपराधिक गतिविधियों में कोई कमी नहीं आई है। पुलिस का मानना है कि इस गिरफ्तारी से शहर में किसी बड़ी अनहोनी या गंभीर अपराध को टालने में मदद मिली है। आरोपी के खिलाफ गोंदिया शहर थाने में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह सफल कार्यवाही पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक डोंगरे के मार्गदर्शन में एलसीबी निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर, एपीआई राजु मिश्रा और उनकी टीम द्वारा की गई।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। पाठक अपने ग्रुप में जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।*

### - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करे।

## गोंदिया शहर में लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान हेतु नवीन 5 किलो वॉट विद्युत उपकेन्द्र को शासन दे मंजुरी..

### पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से मांग..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस एवं महाराष्ट्र राज्य विद्युत मंडल के व्यवस्थापकिय संचालक लोकेशचन्द्र से भेंट कर गोंदिया शहर के लिए एक अतिरिक्त विद्युत उपकेन्द्र मंजुर करने का अनुरोध किया। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से चर्चा में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने बताया कि, गोंदिया***

शहर और लगे हुए पैरा अर्बन ग्राम कुडवा-कटंगी-फुलचुर-फुलचुरटोला आदि क्षेत्रों में विद्युत की बढ़ती मांग से वर्तमान के विद्युत उपकेन्द्रों पर विद्युत पुर्ती का भारी दबाव है और दोपहर 12-1 बजे से रात्री 9-10 बजे तक ओल्टेज की भी भारी कमी से सभी नागरिकों को परेशानी हो रही है। जिले के विद्युत मंडल ने गोंदिया शहर में अतिरिक्त 5 किलो वॉट विद्युत उपकेन्द्र मंजुर किये जाने बाबत प्रस्ताव मंडल के मुंबई मुख्यालय को प्रेषित किया है, जिस पर शासन की मंजुरी अपेक्षित है। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में व्यवस्थापकिय संचालक को उक्त विद्युत उपकेन्द्र मंजुर करने के निर्देश दिए है, जिससे जल्द ही गोंदिया में नवीन विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना और लो-ओल्टेज समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि, तत्कालिन विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया में विद्युत सुधार के लिए काफी काम किया है। छोटा गोंदिया में भीमघाट परिसर के सामने, ग्राम हिवरा, ग्राम झिलमिली, ग्राम दासगांव, ग्राम फुलचुर सेलटैक्स कॉलोनी में ऐसे अनेकों 5-5 केवी नवीन विद्युत केन्द्रों की स्थापना तत्कालिन विधायक गोपालदास अग्रवाल के कार्यकाल में हुई है, जिनके माध्यम से आज गोंदिया शहर को सतत विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

इस अवसर पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने बताया कि, गोंदिया शहर में नवीन विद्युत उपकेन्द्र कि स्थापना से शहर में लो-ओल्टेज की समस्या का समाधान होंगा, साथ ही जो मेन मार्केट के कनिष्ठ अभियंता रामनगर कार्यालय में तथा मनोहर चैक, छोटा गोंदिया, गणेश नगर परिसर के कनिष्ठ अभियंता छोटा गोंदिया स्थित भीमघाट के सामने विद्युत उपकेन्द्र में बैठते है और नागरिकों को छोटी-छोटी अड़चनों के लिए इतनी दुर जाना पड़ता है उन दोनो कनिष्ठ अभियंताओं का कार्यालय भी उक्त नवीन विद्युत उपकेन्द्र में स्थानांतरित कर नागरिकों को राहत देने के प्रयास किये जाएंगे।

## मानसून पूर्व तैयारी में एसओपी का सख्ती से पालन करें: जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले



जगप्रेरणा गोंदिया।

***मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे गोंदिया जिले में भारी बारिश के दौरान बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है। मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने सभी विभागों को प्रमाणित कार्यप्रणाली (एसओपी) का सख्ती से***

पालन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में प्रभारी निवासी उप जिलाधिकारी मानसी पाटील, सभी उपविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी तथा जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा कभी भी आ सकती है, इसलिए पूर्व तैयारी बेहद जरूरी है। बारिश के दौरान अचानक बाढ़, बांध टूटना, सड़क बह जाना और गांवों का जलमग्न होना जैसी घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में सभी विभागों को आपदा प्रबंधन के लिए पूरी तरह तैयार रहना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के पुराने रास्तों, पुलों, सरकारी इमारतों, स्कूल-कॉलेजों और बांधों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कर उनकी उपयोगिता का प्रमाणपत्र लिया जाए। साथ ही नदी और जलग्रहण क्षेत्रों में हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। प्रत्येक गांव में ÷फर्स्ट रिस्पॉन्स टीम÷ गठित करने और सभी तालुकों में 24 घंटे सक्रिय नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

जिले के 96 बाढ़ प्रभावित गांवों के लिए विशेष योजना तैयार करने, वैकल्पिक मार्गों की सूची बनाने और बारिश के दौरान संपर्क टूटने वाले गांवों की जानकारी तत्काल प्रस्तुत करने को कहा गया। नगरपालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा प्रबंधन समितियों का गठन करने और तैराकों की सूची अपडेट करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बांध से पानी छोड़े जाने से पहले ग्रामीणों को सूचना देना अनिवार्य है, जिसके लिए ढोल-नगाड़े, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का उपयोग किया जाए। सुरक्षित स्थानों जैसे स्कूल, सामुदायिक भवन और बड़े हॉल को चिन्हित कर राहत शिविर के रूप में तैयार रखने को भी कहा गया।

नदियों और नालों की सफाई, गाद हटाने और किनारों पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते हुए उन्होंने वैनगंगा और बाघ नदी क्षेत्रों में संचार व्यवस्था मजबूत रखने पर जोर दिया। साथ ही बाढ़ के बाद फैलने वाले संभावित रोगों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को पहले से तैयारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि हर साल बारिश के दौरान वाहन बहने, लोग फंसने और रेल पटरियों पर पानी भरने जैसी घटनाएं होती हैं, इसलिए इस बार पहले से प्रभावी उपाय किए जाएं। बाढ़ के दौरान नाव (डोंगा) के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी आपदा या घटना की जानकारी 24 घंटे के भीतर जिला प्रशासन को देने, सुरक्षित स्थानों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने और सभी विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मानसून पूर्व तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।

## माउंट लिटरा झी स्कूल, गोंदिया का कक्षा दसवी सीबीएसई बोर्ड का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***एस.एस.ए. एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी व्दारा संचालित माउंट लिटरा झी स्कूल गोंदिया के कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों का सीबीएसई (सीबीएसई) परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा कु. आंचल रमेश कुमार मानकर ने 94.00 प्रतिशत प्राप्त कर***

विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह कु. गार्गी सचिन बंसोड़ ने 93.80 प्रतिशत हासिल कर विद्यालय में व्दितीय स्थान प्राप्त किया। संकुल सुनील खांडेकर ने 92.00 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार विद्यालय के छात्र लक्ष्य केशोराव कावले ने (91.60 प्रतिशत), चैताली चंद्रशेखर तुरकर ने (88.20 प्रतिशत), सोनम रंजय कोयराला ने (86.40 प्रतिशत), पूर्वा निलकंठ गायधने ने (83.40 प्रतिशत), युगांत इंद्रकेश मोहरे ने (83.20 प्रतिशत), हर्ष मुकुल रहांगडाले ने (81.20 प्रतिशत), श्रीशा बालकृष्ण रेड्डी ने (79.40 प्रतिशत) प्राप्त कर अपने पालकों व विद्यालय का नाम रोशन किया।

यह उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की शत प्रतिशत प्रथा को कायम रखते हुए इस वर्ष के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने अपने अथक प्रयास से शत प्रतिशत परीक्षाफल दिया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के संचालक नितिश अग्रवाल, ललित अग्रवाल संचालिका निशि अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र तलरेजा तथा संपूर्ण शिक्षकवृंद व शिक्षेत्तर कर्मचारियों ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल व गगनचुंबी भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दी।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

आवश्यकता है..
डायमंड फायटोरेमिडिज इंटरप्राईजेस, आयुर्वेदिक दवा कंपनी में एम.आर. की आवश्यकता है। शैक्षणिक योग्यता - पदवीधर या अनुभवी। गोंदिया, गोरेगांव या आमगांव क्षेत्र के निवासी को प्राथमिकता। संपर्क करें -
मो. 8087219155

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com